बुधवार, 9 जुलाई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 86% |
| सूर्योदय: 4:58 | सूर्यास्त: 18:25 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



वाहन से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी की पहली जिम्मेदारी: गडकरी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : बुरा वक्त जादूगर है जो चाहनेवालों के चेहरे से पर्दा हटा देता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# एफएटीएफ का खुलासा: पुलवामा के लिए ऑनलाइन खरीदा गया विस्फोटक

## गोरखपुर में आतंकी को ऑनलाइन मुहैया कराए गए थे पैसे

**नयी दिल्ली :** दुनिया की सबसे बड़ी टेरर फंडिंग निगरानी संस्था एफएटीएफ ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने कहा है कि आतंकवादी अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेस का इस्तेमाल फंड जुटाने, हथियार खरीदने और हमलों के लिए कर रहे हैं। भारत में हुए पुलवामा और गोरखनाथ मंदिर मामलों को उदाहरण के तौर पर रिपोर्ट में शामिल किया गया है। एफएटीएफ ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है।

पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया



कि फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले में इस्तेमाल हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजन से खरीदा गया था। इस पाउडर का इस्तेमाल आईडी की ताकत बढ़ाने में किया गया। यह आतंकियों द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल का एक उदाहरण है।

**ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और वीपीएन से की फंडिंग**

गोरखनाथ मंदिर में अप्रैल 2022 में हुए हमले का हवाला देते हुए एफएटीएफ ने बताया कि आरोपी ने आईएसआईएस के लिए पे-पाल के जरिए करीब 6.69 लाख की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की। इस दौरान आरोपी ने वीपीएन का इस्तेमाल कर अपनी लोकेशन छिपाई। उसे विदेशी खातों से भी पैसा मिला था और उसने आईएसआईएस समर्थकों को फंड भेजा।

**पुलवामा के लिए अमेजन से मंगाया गया विस्फोटक**

एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में पुलवामा आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि 2019 में हुए इस आत्मघाती हमले में उपयोग हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स साइट अमेजन से खरीदा गया था। इससे आइईडी बम की ताकत बढ़ाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था और हमले के लिए जरूरी सामग्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से खरीदी गई थी।

**फर्जी अकाउंट और नकली नाम से हो रहा भुगतान**

इसके साथ ही एफएटीएफ ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पर किए गए लेनदेन में ट्रैकिंग मुश्किल हो जाती है क्योंकि इनमें अक्सर नकली नाम, फर्जी अकाउंट और पर्सन टू पर्सन ट्रांसफर शामिल होते हैं। इससे जांच एजेंसियों को फंड के स्रोत और लाभार्थी को ट्रेस करना बेहद कठिन हो जाता है।

### सीडीएस चौहान ने पाक-चीन-बांग्लादेश गठजोड़ पर दी चेतावनी

**नयी दिल्ली :** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रणनीतिक सहयोग भारत की स्थिरता और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले पांच वर्षों में 70-80% सैन्य उपकरण चीन से खरीदे हैं और चीनी सैन्य कंपनियों की वहां वाणिज्यिक भागीदारी भी बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के आर्थिक संकटों ने बाहरी शक्तियों को प्रभाव बढ़ाने का मौका दिया है, जिससे भारत की रणनीतिक स्थिति पर असर पड़ सकता है।

# आज हड़ताल में परिवहन सेवा सामान्य रखने के लिए बंगाल सरकार सख्त

## बस-टैक्सी-फेरी सहित तमाम परिवहन सेवाएं रहेंगी सामान्य

- **सरकार ने आपात स्थिति के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आज केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में विभिन्न केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए देशव्यापी हड़ताल में कई श्रमिक संगठन शामिल होंगे। लेकिन, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस हड़ताल के दौरान आम जनता को किसी तरह की परेशानी से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। राज्य परिवहन विभाग ने आश्वस्त किया है कि इस दिन, बस, टैक्सी, फेरी सहित तमाम परिवहन सेवाएं सामान्य रहेंगी। सरकार ने ऐलान किया है कि हड़ताल के दिन सुबह 6 बजे से ही कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। किसी भी आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर 033-22361916, 0462, 0463 और 8697733391 जारी किए गए हैं। परिवहन विभाग ने सीएसटीसी की ओर से प्रति शिफ्ट 500 बसें, सीटीसी की 200 और डब्ल्यूबीएसटीसी की 70 बसें चलाने की योजना बनाई है। अधिकतर रूटों पर दो या तीन शिफ्ट में बसें चलेंगी। इसके अलावा, 25 फेरी सेवाएं और दो ट्राम सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। राज्य सरकार ने सभी ड्राइवरों, कंडक्टरों और परिवहन से जुड़े अन्य कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सभी डिपो प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यातायात सुचारु रखने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाए। बेसरकारी परिवहन संगठन भी सरकार के साथ मिलकर सेवाएं देने को तैयार हैं। जॉइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट, बस मिनीबस समन्वय समिति और अन्य निजी परिवहन संगठनों ने कहा है कि सड़कों पर पर्याप्त संख्या में बसें उपलब्ध रहेंगी। ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं भी सामान्य दिनों की तरह चलेंगी। ऑनलाइन कैब ऑपरेटर्स गिल्ड के महासचिव इंद्रनील बनर्जी ने कहा कि सरकार के खिलाफ आंदोलन में आम लोगों को परेशान करने का कोई मतलब नहीं बनता है।

हालांकि, कुछ संगठनों ने हड़ताल में सक्रिय भागीदारी का ऐलान किया है। सीआईटीयू और एआईटीयूसी जैसे संगठनों से संबद्ध टैक्सी और कैब चालकों ने हड़ताल के समर्थन में नौ जुलाई को सेवाएं बंद रखने का फैसला किया है। एआईटीयूसी से संबद्ध टैक्सी यूनियन के संयोजक नवालकिशोर श्रीवास्तव ने कहा है कि श्रमिकों के हित में कोई भी गाड़ी सड़क पर नहीं उतरेगी।

### देशभर में 25 करोड़ कामगारों की हड़ताल, किसानों का भी मिला साथ

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय और क्षेत्रीय श्रमिक संगठनों से जुड़े 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी बुधवार को नए श्रम कानूनों और निजीकरण के विरोध में देश भर में हड़ताल पर जाएंगे। कर्मचारियों की हड़ताल से बैंकिंग, डाक और अन्य सेवाओं में व्यवधान पैदा होने की आशंका है। श्रमिक संगठनों ने न्यूनतम मासिक वेतन 26,000 रुपये करने और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने जैसी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से देशव्यापी हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। एक श्रमिक संगठन के पदाधिकारी ने मंगलवार को कहा कि आम हड़ताल से बैंकिंग, बीमा, डाक, कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सेवाएं बाधित हो सकती हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और नरेगा संघर्ष मोर्चा जैसे क्षेत्रीय संगठनों ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया है।

# बंगाल एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया

- **सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से संबंध होने का संदेह है। राज्य विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान कोलकाता के भवानीपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता और पानागढ़ निवासी मुकेश रजक के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, 'इन दोनों के पाकिस्तान की आईएसआई से संबंध हैं। दोनों पड़ोसी देश में कुछ लोगों के संपर्क में थे।' एसटीएफ के मुताबिक, दोनों व्यक्ति एक एनजीओ के लिए काम करते थे और मेमारी में किराये के मकान में रह रहे थे। यहीं से उन्हें गिरफ्तार किया गया।बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ कर्मियों ने शनिवार को छापेमारी की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मुकेश को किराये के मकान से पकड़ा गया, जबकि राकेश को एक नर्सिंग होम से पकड़ा गया, जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की अदालत में पेश करने के बाद दोनों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# बंगाल के निवासियों को विदेशी घुसपैठिया बताकर परेशान कर रही असम सरकार : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को असम सरकार पर जुबानी हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह कूचबिहार के एक निवासी को घुसपैठिया बताकर उसे परेशान कर रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं यह जानकर स्तब्ध और बहुत परेशान हूं कि असम में विदेशी न्यायाधिकरण ने कूचबिहार के दिनहाटा निवासी उत्तम कुमार ब्रजबासी को एनआरसी नोटिस जारी किया है। वे राजबंशी हैं और 50 साल से अधिक समय से यहां रह रहे हैं। वैध पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने के बावजूद उन्हें 'विदेशी/अवैध प्रवासी' होने के संदेह में परेशान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस घटनाक्रम को



**कूचबिहार के निवासी को एनआरसी नोटिस दिए जाने पर बिफरीं मुख्यमंत्री**

लोकतंत्र पर व्यवस्थित हमला और इस बात का सबूत बताया कि असम में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार बंगाल में एनआरसी लागू करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर पड़े समुदायों को डराने, उनके अधिकारों को छीनने और उन्हें निशाना बनाने का एक पूर्व-नियोजित प्रयास किया जा रहा है। यह असंवैधानिक अतिक्रमण जनविरोधी है और लोकतांत्रिक सुरक्षा उपायों को ध्वस्त करने तथा बंगाल के लोगों की पहचान मिटाने के भाजपा के खतरनाक एजेंडे को उजागर करता है। उन्होंने सभी गैर-भाजपा दलों से ऐसे घटनाक्रमों पर एकजुट होने का भी आह्वान किया। ममता ने कहा कि यह चिंताजनक स्थिति सभी विपक्षी दलों के बीच भाजपा की विभाजनकारी और दमनकारी मशीनरी के खिलाफ खड़े होने के लिए तत्काल एकता की मांग करती है। बंगाल चुपचाप नहीं बैठेगा क्योंकि भारत का संवैधानिक ताना-बाना बिखर रहा है।

# आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं: प्रधानमंत्री मोदी

**ब्रासीलिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और ब्राजील आतंकवाद तथा इसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंड के लिए कोई जगह नहीं है। मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने और इसे लेकर दोहरा मानदंड न अपनाये जाने की नीति को लेकर हमारी सोच एक जैसी है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने किसी देश का नाम लिये बिना कहा कि



**प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया**

भारत और ब्राजील आतंकवाद और उसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। पूर्व में भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बताया है। मोदी ने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा, ''आतंकवाद के मामले में दोहरे मानदंड के लिए कोई स्थान नहीं है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रपति लूला की एकजुटता और समर्थन के लिए उनका आभार जताया।

# ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर अतिरिक्त 10% टैरिफ का एलान किया

## बोले- अब कोई एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा

- **सभी देशों पर टैरिफ अब 1 अगस्त से लागू हो जाएंग**

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने टैरिफ के लागू होने की तय तिथि में कोई बदलाव न करने का भी एलान किया। यानी अब सभी देशों पर टैरिफ अब 1 अगस्त से लागू हो जाएंगे।ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि 1 अगस्त, 2025 से टैरिफ का भुगतान शुरू हो जाएगा। कोई एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पोस्ट किया, 'कल कई देशों को भेजे



गए पत्रों के अनुसार और आज, कल या अगले कुछ समय में भेजे जाने वाले पत्रों के साथ टैरिफ का भुगतान 1 अगस्त, 2025 से शुरू होगा। इस तिथि में कोई बदलाव नहीं हुआ है और कोई बदलाव नहीं होगा। दूसरे शब्दों में 1 अगस्त, 2025 से सभी पैसे देय और भुगतान योग्य होंगे। अब समयसीमा नहीं बढ़ाई जाएगी। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

**टैरिफ के मामले में भारत के बारे में क्या बोले ट्रंप**

इस बीच एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में टैरिफ के मामले को लेकर भारत के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वे ब्रिक्स में हैं तो उन्हें निश्चित रूप से 10% का भुगतान करना होगा। ब्रिक्स की स्थापना हमें नुकसान पहुंचाने, हमारे डॉलर को गिराने के लिए की गई थी। डॉलर तो राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं तो वे दे सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी उस कीमत को भुगतने के लिए तैयार है।

# भारत ने पनडुब्बी रोधी रॉकेट प्रणाली का सफल परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** भारत ने विस्तारित रेंज वाली पनडुब्बी रोधी रॉकेट प्रणाली का परीक्षण किया है, जिससे भारतीय नौसेना की मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि विस्तारित रेंज पनडुब्बी रोधी रॉकेट (ईआरएएसआर) के उपयोगकर्ता परीक्षण आईएनएस कवरत्ती से सफलतापूर्वक किये गये। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, भारतीय नौसेना और इस प्रणाली के विकास एवं परीक्षण में शामिल उद्योग को बधाई दी। सिंह के कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा, उन्होंने (रक्षा मंत्री ने) कहा कि इस प्रणाली को सफलतापूर्वक शामिल करने से भारतीय नौसेना की मारक क्षमता में वृद्धि होगी।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सटीक मतदाता सूची अपरिहार्य है : ज्ञानेश कुमार





**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले के बीच मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सटीक मतदाता सूची अपरिहार्य है। कुमार ने यहां एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बूथ स्तर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। सीईसी ने कहा कि मतदाता सूची का सटीक होना लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपरिहार्य है। विपक्ष ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग पर हमले तेज कर दिए हैं। विपक्ष का कहना है कि इस कवायद से करोड़ों मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 साल बाद हो रही इस कवायद का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लोग ही मतदाता सूची में शामिल हो सकें। उच्चतम न्यायालय सोमवार को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमत हो गया। इस साल के अंत में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), शिवसेना (उबाठा), समाजवादी पार्टी, झामुमो, माकपा और भाकपा (माले) लिबरेशन समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने संयुक्त याचिका शीर्ष अदालत में दायर की है। कई दूसरी याचिकाएं भी दायर की गईं हैं।

# उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या का मुख्य संदिग्ध पटना में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**पटना :** उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के मामले का एक प्रमुख संदिग्ध पटना के दमरिया घाट इलाके में सोमवार देर रात को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध विकास उर्फ राजा (29) कई अन्य आपराधिक मामलों में भी वांछित था। एक अधिकारी ने बताया कि हत्या मामले की जांच कर रहे अधिकारियों की टीम गुप्त सूचना के आधार पर विकास की तलाश में देर रात करीब दो बजकर 25 मिनट पर दमरिया घाट पहुंची। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''पुलिस कर्मियों को देखते ही उसने भागने की कोशिश की और गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें वह मारा गया।'' उन्होंने बताया कि इस घटना में



किसी भी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं आई है। अधिकारी ने बताया कि मौके से एक पिस्तौल एवं कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''आशंका है कि पटना में मालसलामी इलाके के निवासी विकास ने ही खेमका की हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार मुहैया कराया था।'' पुलिस ने पहले ही उमेश राय नामक बंदूकधारी को गिरफ्तार कर लिया है और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिस पर सुपारी देकर हत्या कराने का संदेह है। अधिकारी ने कहा, ''भाड़े के हत्यारे को पटना से गिरफ्तार किया गया। मामले में जांच जारी है। हम उचित समय पर और जानकारी साझा करेंगे।''




इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन
टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ
www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## पंजाब में बढ़ते अपराध गंभीर चुनौती

एक बार फिर पंजाब देश-विदेश से संचालित आपराधिक गैंगों और आतंकवादियों के निशाने पर आ गया है। संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा आम-खास लोगों को शिकार बनाये जाने की घटनाएं जब-तब सामने आती रहती हैं। हाल ही में एक पृथकतावादी संगठन के सक्रिय आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया का अमेरिका से प्रत्यर्पण इस बात की याद दिलाता है कि राज्य में चरमपंथी विचारधारा का साया कितना गहरा बना हुआ है। आरोप है कि करीब चौदह ग्रेनेड हमलों को अभियुक्त ने अंजाम दिया। पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करने वाले अभियुक्त पासिया की भारत वापसी निस्संदेह आगे की जांच में मददगार साबित होगी। इससे भारत विरोधी गतिविधियों में पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों के काले अध्याय फिर सामने आने की भी उम्मीद जगी है। इस प्रकरण के उजागर होने से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि कैसे पंजाब को भारत विरोधी ताकतों द्वारा विदेशों से निशाना बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य में गैंगस्टरों द्वारा की जा रही हिंसा में खतरनाक ढंग से वृद्धि देखी जा रही है। अबोहर के व्यवसायी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हुई हत्या और मोगा में अभिनेत्री तानिया के डॉक्टर पिता की उनके क्लीनिक में गोली मारकर की गई निर्मम हत्या ने इस बात को उजागर किया कि संगठित आपराधिक नेटवर्क कितनी आसानी से काम कर रहे हैं। हमलावरों द्वारा सार्वजनिक रूप से मरीज बनकर डाक्टर को गोली का निशाना बनाना आपराधिक दुस्साहस को ही उजागर करता है। जो बताता है कि अपराधियों में कानून व पुलिस का खौफ नजर नहीं आता। यह समाज वैज्ञानिकों के लिये भी गंभीर मंथन का विषय है कि राज्य का समाज इस गहरी अस्वस्थता का शिकार क्यों है। निश्चित रूप से समाज में आर्थिक विसंगतियां और सामाजिक विद्रूपताएं अपराध की राह खोल रही हैं। वहीं दूसरी ओर, राज्य में शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत, अशांत बचपन, गरीबी, विषैली राजनीति और रातों-रात अमीर बनने की लालसा कई पंजाबी युवाओं को अपराध की अंधी गली की ओर धकेल रही है।

ऐसा भी नहीं है कि बेरोजगारी व अन्य सामाजिक विसंगतियां देश के अन्य राज्यों में नहीं हैं। नशा एक राष्ट्रीय संकट बनता जा रहा है। सवाल ये कि हमारा शासन-प्रशासन इन अपराधों से किस तरह निबटता है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा में गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। निस्संदेह, अपराध का रास्ता कई युवाओं को आकर्षित करता है, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इस राह से गुजरने के बाद मुख्यधारा में लौटना असंभव है। अपराधी फिर कभी सामान्य जीवन नहीं जी सकता। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन को राज्य में उन सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की सख्त जरूरत है, जो अपराध को बढ़ावा देते हैं। उन विभागीय काली भेड़ों की भी सख्त निगरानी की जरूरत है जो अपराधियों के अपवित्र गठबंधन में मददगार होती हैं। हालांकि, पंजाब पुलिस ने कुछ गिरफ्तारियां और मुठभेड़ें की हैं, लेकिन ये महज एक प्रतिक्रियात्मक कदम मात्र है। इस बड़े संकट से निपटने के लिये एक निरंतर, व्यवस्थित व कारगर रणनीति बनाने की जरूरत है। वहीं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत बनाने की दरकार है। इसके साथ ही शिक्षा प्रयासों का विस्तार करने, पुनर्वास और न्यायिक प्रक्रियाओं को भी तेज करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त केंद्र की एनआईए जैसी एजेंसियों के साथ तालमेल से राज्य की एजेंसियों को अपराधियों पर शिकंजा कसने में मदद भी मिल सकती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पंजाब में अपराधियों व आतंकवादियों का गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रह गया है। यह न केवल अंतर्राष्ट्रीय रूप ले चुका है, बल्कि आधुनिक तकनीक व हथियारों की मदद से मारक साबित हो रहा है। इससे बड़ा संकट यह भी है कि ये अपराध वैचारिक रूप से अस्थिर भी हैं। निस्संदेह,यह एक बड़ी चुनौती है और इससे निबटने में जितनी देरी होगी, पंजाब में स्थितियां सामान्य बनाने में उतनी मुश्किल होती जाएगी। अपराधियों से निपटने के लिये मजबूत खुफिया तंत्र और जनसहयोग कारगर सिद्ध हो सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 09 जुलाई, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 25:35 तक, नक्षत्र : मूल, 28:41 तक, योग : ब्रह्मा, 21:57 तक, सूर्योदय: 4:58, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 17:25, चन्द्रास्त: 03:09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 11:41 से 13:21

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर प्रमोशन या सम्मान का आधार बनेंगी। आपकी मेहनत को सराहना मिलेगी और वरिष्ठों से प्रोत्साहन मिलेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन मेहनत और धैर्य की परीक्षा जैसा रहेगा। नौकरीपेशा लोग किसी विशेष मीटिंग या प्रेजेंटेशन में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं जिससे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। दिन विशेष उपलब्धियों वाला हो सकता है। ऑफिस में आपके विचारों को महत्व मिलेगा। निवेश के लिए दिन अनुकूल है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों की किस्मत साथ दे रही है। आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे और अपनी निर्णय क्षमता के दम पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा। धन के मामले में भाग्य साथ दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। आप अपनी सूझबूझ और अनुशासन के दम पर अपने करियर में अच्छा प्रभाव छोड़ेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम की तारीफ मिलेगी।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण हो सकता है। करियर में कुछ अवरोध आ सकते हैं और सहयोगियों के साथ तालमेल बनाना थोड़ा कठिन होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। दिन कारोबार और कामकाज के लिए बेहद सकारात्मक रह सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों की किस्मत साथ दे रही है। धनु राशि वालों के लिए करियर में उन्नति और आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन सफलता और तरक्की से भरा होने के योग हैं। मकर राशि वालों को काम के सिलसिले में अच्छी खबर मिल सकती है। ऑफिस में आपके कार्यों की सराहना होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। करियर में मेहनत ज्यादा और परिणाम थोड़े कम हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन नए अवसरों से भरा होगा। मीन राशि वालों के लिए नौकरी और व्यवसाय में नए अवसर मिल सकते हैं। पदोन्नति या नई भूमिका मिलने की संभावना है।

# अवैध घुसपैठियों के साथ क्यों खड़े हुए विपक्षी दल


राजेश कुमार पासी

भारत के दूसरे विभाजन की नींव कांग्रेस ने विभाजन के दौरान ही रख दी थी. हम लाख कोशिश कर ले लेकिन हमारी तीसरी पीढ़ी के बाद की कोई एक पीढ़ी इस विभाजन की गवाह बन सकती है। आप कितनी भी सम्पति इकट्ठी कर ले लेकिन एक दिन खाली हाथ देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाना ही होगा जैसा कि 1947 में एक बार हो चुका है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आरक्षण के लिए सवर्ण समाज जिस महापुरुष बाबा साहब अम्बेडकर को कोसता है, उनकी एक सलाह को कांग्रेस के नेतृत्व ने मानने से इनकार कर दिया था। बाबा साहब चाहते थे कि विभाजन से पहले दोनों देशों में आबादी की अदलाबदली हो जाए लेकिन कांग्रेस ने उनकी इस सलाह को सिरे से नकार दिया। सरदार पटेल भी ऐसा चाहते थे लेकिन कांग्रेस में उस समय वही होता था जो गांधी और नेहरू चाहते थे।

बाबा साहब का कहना था कि भारत से गरीब देशों ने विभाजन से पहले आबादी की अदलाबदली की है क्योंकि ऐसा न करना दूसरे विभाजन को जन्म देना होगा। उनका कहना था कि अगर आबादी की अदलाबदली नहीं होती है तो समस्या वहीं खड़ी रहेगी और देश दंगों की आग में जलता रहेगा। आजादी के बाद हम अपने देश को लगातार दंगों की आग में जलता देख रहे हैं क्योंकि कांग्रेस ने इसका इंतजाम विभाजन के दौरान ही कर दिया था। आजादी के बाद कांग्रेस लगातर ऐसे हालात पैदा कर रही है कि भविष्य में भारत का एक और विभाजन हो जाए। विभाजन के बाद इस देश में मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रूक गई और पाकिस्तान में भी बड़ी आबादी हिन्दुओं की रूक गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश धीरे-धीरे हिन्दुओं की बड़ी आबादी को खत्म कर चुके हैं और बची खुची को जल्दी ही समाप्त कर देंगे लेकिन भारत में मुस्लिमों की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है।

इसका पहला कारण तो यह है कि विभाजन के बाद भी भारत में मुस्लिमों का आना जारी रहा है और दूसरी सबसे बड़ी वजह यह है कि मुस्लिमों की जन्मदर हिन्दुओं के मुकाबले बहुत ज्यादा है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में हिन्दुओं का धर्मपरिवर्तन आज भी जारी है। भारत ने विभाजन के बाद एक बड़ी समस्या का सामना किया है और वो मुस्लिमों की अवैध घुसपैठ की समस्या है।

अवैध घुसपैठ भारत की बड़ी समस्या है. एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 6 करोड़ बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अन्य मुस्लिम देशों से आए अवैध घुसपैठ रह रहे हैं। वास्तव में भारत के विभाजन के लिए मुस्लिम लीग जिम्मेदार थी लेकिन आज तो भारत में कई मुस्लिम लीग हैं। जिन्हें हम सेकुलर पार्टियां बोलते हैं उनमें से ज्यादातर मुस्लिम लीग से भी ज्यादा साम्प्रदायिक सोच वाली पार्टियां हैं। मुस्लिम लीग मुसलमानों के लिए समान अधिकार मांगती थी लेकिन ये पार्टियां तो मुस्लिमों के लिए विशेषाधिकार मांगती हैं। आप सोचिए पाकिस्तान से आए हिन्दुओं की सम्पत्ति को पाकिस्तान की सरकार ने 1948 में ही शत्रु सम्पत्ति कानून बनाकर कब्जे में ले लिया था लेकिन भारत में इस सम्बंध में कांग्रेस ने 1968 तक कोई कानून ही नहीं बनाया। एक तरफ पाकिस्तान ने अपने देश में हिन्दुओं की छोड़ी गई सम्पत्ति को 1948 में ही कब्जे में ले लिया और भारत में आज तक मुकदमें चल रहे हैं।

कांग्रेस का कमाल तो यह था कि 1968 में कानून बनाकर उसने पाकिस्तान गए मुस्लिमों की सम्पत्ति को कब्जे में लेने की जगह संरक्षित कर दिया था। पाकिस्तान में विस्थापितों के पुनर्वास की कोई समस्या नहीं आई क्योंकि उसने हिन्दुओं की सम्पत्ति उनके हवाले कर दी थी लेकिन भारत में विस्थापित भटकते रहे क्योंकि यहां उन्हें मुस्लिमों द्वारा छोड़ी सम्पत्ति से दूर रहने को कहा गया था। ये मुस्लिम तुष्टिकरण की समस्या आज भी हमारे देश में बनी हुई है। पहले सिर्फ कांग्रेस ऐसा कर रही थी लेकिन अब भाजपा के अलावा अन्य विपक्षी पार्टियां भी इस काम में जुट गई हैं। भारत का विभाजन इसलिए नहीं होगा क्योंकि मुस्लिम ऐसा चाहते हैं बल्कि इसलिए होगा क्योंकि विपक्षी दल ऐसा चाहते हैं। विपक्षी दल मुस्लिमों को मुख्यधारा में शामिल होने से रोकने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। ये दल उन्हें विशेष होने का अहसास कराने के लिए देश की मुख्यधारा से जुड़ने नहीं दे रहे हैं।



सभी विपक्षी दल एनआरसी का विरोध करते हैं क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि भारत में अवैध रूप से रह रहे मुस्लिमों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा सके। कोई भी देश में अपने देश में किसी को नागरिकता बहुत सोच समझकर देता है लेकिन भारत में करोड़ो लोग अवैध घुसपैठ करके भारतीय नागरिक बनकर रह रहे हैं। ये घुसपैठिए न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रहे हैं बल्कि मतदाता बनकर सरकार भी चुन रहे हैं। ये घुसपैठिए विपक्षी दलों के बड़े वोट बैंक हैं इसलिए विपक्षी दल नहीं चाहते हैं कि इनके खिलाफ कोई कार्यवाही हो। चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन और पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया है। जब से चुनाव आयोग ने इस काम को शुरू किया है, देश के विपक्षी दल चुनाव आयोग के विरोध में खड़े हो गए हैं। इस काम को रूकवाने के लिए ये लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं ताकि अवैध घुपपैठियों का नाम मतदाता सूची से न हटे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक तो नहीं लगाई है लेकिन 10 जुलाई से इस पर विस्तार से सुनवाई करने का फैसला किया है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से कुछ लोगों को मताधिकार से वंचित करना चाहती है। इसका इस्तेमाल मतदाता सूचियों के आक्रामक और अपारदर्शी संशोधनों को सही ठहराने के लिए किया जा रहा है, जो मुस्लिम, दलित और गरीब प्रवासी समुदायों को असंगत रूप से लक्षित करते हैं। इसका भी विरोध किया जा रहा है कि इसकी शुरूआत बिहार से क्यों की जा रही है। सवाल यह है कि अगर यह सही है तो बिहार से शुरू करने में क्या बुराई है। कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग अपने मनमाने और अनुचित आदेश से राज्य में करोड़ो मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना चाहता है। इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। ममता बनर्जी ने इसे एनआरसी से भी ज्यादा खतरनाक बताया है। अगले साल बंगाल में चुनाव होने वाले हैं इसलिए वो अभी से मोर्चा खोकर बैठ गई हैं क्योंकि बंगाल में अवैध घुसपैठियों के भारी संख्या में होने का अनुमान है।

चुनाव आयोग यह कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद-326, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली 1960 के नियमों के अनुरूप कर रहा है। सवाल यह है कि जब चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन कर रहा है तो इससे लोकतंत्र की हत्या कैसे हो रही है और कैसे नागरिकों के अधिकार छीने जा रहे हैं। महाराष्ट्र में 40 लाख मतदाता बढ़ गए तो यही विपक्ष शोर मचा रहा था. अब चुनाव आयोग मतदाता सूची में सुधार करना चाहता है तो विपक्ष फिर शोर मचा रहा है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अब तक नौ बार हो चुका है और इसमें से दो बार को छोड़कर ये काम कांग्रेस के शासन में किया गया है। 58 सालों में जो काम 9 बार किया गया, अब वो काम 22 सालों में एक बार होने जा रहा है तो विपक्ष इतना परेशान क्यों है। जब नौ बार पहले किया गया तो ठीक था लेकिन अब ऐसा क्या हो गया है कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया है।

विपक्ष का कहना है कि करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से कट सकते हैं। अब सवाल यह है कि जो लोग 22 सालों में दुनिया छोड़ गए या बिहार छोड़कर चले गए, उनका नाम मतदाता सूची से क्यों नहीं हटना चाहिए। चुनाव आयोग ने ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने का कहा है जिससे कि साबित हो कि आप 2003 के पहले से भारतीय नागरिक हैं। आधार और राशन कार्ड को इससे बाहर रखा गया है क्योंकि ये बड़ी आसानी से फर्जी बनाए जाते हैं। विपक्ष इन्हें ही शामिल करने को कह रहा है। वास्तव में सारा शोरशराबा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि विपक्ष जानता है कि चुनाव आयोग की कार्यवाही से भारत में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठिए मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं और भारत सरकार उनके खिलाफ आगे भी कार्यवाही कर सकती है। पूरा विपक्ष अवैध घुसपैठियों के बचाने के लिए मैदान में उतर आया है।

सवाल फिर वही है कि जो लोग भारत की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं उनको बचाने की कोशिश क्यों की जा रही है। राजनीतिक फायदे के लिए देशहित की बलि क्यों दी जा रही है। अंत में इतना कहना चाहता हूं कि अवैध घुसपैठ, धर्मपरिवर्तन और तीव्र मुस्लिम जन्म दर एक दिन भारत का दूसरा विभाजन करवा सकती है। आजादी के बाद मुस्लिमों की आबादी नौ प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। इसके लिए सिर्फ तीव्र मुस्लिम जन्मदर जिम्मेदार नहीं है बल्कि अवैध घुसपैठ और धर्मपरिवर्तन भी बड़ी वजह है। मुस्लिमों में कट्टरवाद और अलगाववाद बड़ी तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि राजनीतिक दल इसे अपने लिए फायदेमंद मानते हैं। पहले अंग्रेजों ने हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को खत्म करके देश का विभाजन करवाया, अब यही काम हमारे देश के कुछ राजनीतिक दल कर सकते हैं। ये हमारी आदत है कि जब तक खतरा सिर पर नहीं आ जाता तब तक हम उसकी अनदेखी करते हैं। अभी खतरा दूर है लेकिन उसकी आहट महसूस की जा सकती है।

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

वस्तु एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिषत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गों से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हांलाकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिषत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देष में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छेड़कर बैठक से पहले ही बहस छेड़ दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यां के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है। जीएसटी से संग्रहित होने वाली राशि राज्यों को भी मिलती है तो समूचे देश में एक वस्तु पर एक ही दर लगने से अदायगी राशि एक ही होती है। जीएसटी यानी कि एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सामने आई थी। डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हुआ। समान कर की बात तो सभी सरकारों द्वारा की जाती रही पर 1 जुलाई 2017 को यह व्यवस्था लागू हो सकी। हांलाकि आमनागरिकों की भारी मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरें में नहीं लाया जा सका है और इसका कारण भी बड़ा साफ है कि इसमें केन्द्र राज्यों की सभी सरकारों के हित जुड़े हुए हैं। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने और इस पर कितना कर लग रहा है इस पर तो पक्ष विपक्ष हल्ला तो बोल लेते हैं पर कभी जीएसटी के दायरें में लाने के सार्थक प्रयास नहीं कर पाये हैं।

समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाये और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। हमारे देश में 12 प्रतिषत की स्लेब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरें में आती है। एक हजार रु. से अधिक के कपड़े जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैण्ड बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरें में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो है नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरिदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत की स्लेब पर विचार निश्चित रुप से सकारात्मक संदेश देता है। बैसे भी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जो बहस छिड़ी है उसमें सकारात्मक पक्ष ही खुलकर सामने आया है और विशेषज्ञों ने इस स्लेब में किसी तरह के बदलाव को लेकर नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत की स्लेब में बदलाव करते हुए देश के बड़े वर्ग को राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थ व्यवस्था को राहत देने वाला, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा। क्योंकि इस स्लेब के अधिकांश उत्पाद एमएसएमई सेक्टर द्वारा ही तैयार किए जाते हैं और स्लेब में बदलाव होने से इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और इससे सेक्टर में ग्रोथ के साथ ही लोगों को राहत मिल सकेगी।

## विदेश की खबरें

### उत्तरी गाजा में विस्फोट में पांच इजराइली सैनिकों की मौत, इजराइली हमलों में 51 फलस्तीनी मारे गए

**तेल अवीव :** उत्तरी गाजा में गश्त कर रहे पांच इजराइली सैनिकों की विस्फोटकों की चपेट में आने से मौत हो गई। इजराइली सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं, गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में 51 फलस्तीनी नागरिक मारे गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में लगभग 21 महीने से जारी लड़ाई को रोकने के लिए युद्ध-विराम प्रस्ताव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से चर्चा के वास्ते व्हाइट हाउस का दौरा कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में किसी सफलता की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन समझौते की दिशा में प्रगति के संकेत मिले हैं। गाजा में इजराइली सैनिकों पर हमले से नेतन्याहू पर हमास के साथ युद्ध-विराम समझौता करने का दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि इजराइल में हुए सर्वेक्षणों में बड़े पैमाने पर लोगों ने गाजा पट्टी में लड़ाई खत्म करने का समर्थन किया है।

### इजराइल के साथ युद्ध में 1,060 लोग मारे गए : ईरान सरकार

**दुबई :** ईरान की सरकार ने इजराइल के साथ युद्ध में मरने वाले लोगों की नयी संख्या जारी करते हुए बताया कि इसमें कम से कम 1,060 लोग मारे गए हैं। साथ ही, उसने चेतावनी दी है कि यह संख्या बढ़ सकती है। ईरान के 'फाउंडेशन ऑफ मार्टर एंड वेटरंस अफेयर्स' के प्रमुख सईद ओहादी ने सोमवार देर रात ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक साक्षात्कार में मृतकों की संख्या के बारे में जानकारी दी। ओहादी ने चेतावनी दी कि कुछ लोग जिस तरह से गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उसे देखते हुए मरने वालों की संख्या 1,100 तक पहुंच सकती है। ईरान ने युद्ध के दौरान इजराइल की 12 दिनों की बमबारी के प्रभावों को कम करके दिखाया, जबकि इन हमलों ने उसकी वायु रक्षा प्रणाली को तबाह कर दिया है। युद्ध विराम लागू होने के बाद से ईरान धीरे-धीरे विनाश की व्यापकता को स्वीकार कर रहा है। हालांकि, उसने अब तक यह नहीं बताया है कि उसकी सेना को कितना नुकसान पहुंचा है।

## वर्ग पहेली नं. 3147

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ | 8 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 9 | 10 | ■ | ■ |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | | ■ | 15 | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | | | ■ | | ■ | 17 |
| 18 | | ■ | | ■ | ■ | 19 | | | |
| | ■ | ■ | 20 | 21 | | | ■ | ■ | |
| 22 | | | ■ | | ■ | 23 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) घृणित, 3) भारी शरीर की नाटा व्यक्ति, 6) डकैती, 8) रिश्ता, 9) अल्प, 11) स्वीकार, 13) बढ़िया महीन सूती कपड़ा, 14) मृत्यु, 15) मेरा नहीं, 16) पथिक, 18) पर्वत, 19) फैटे हुए अंडे का पकवान 20) तर्कवितर्क, 22) निषिद्ध, 23) परिवर्तित.

*ऊपर से नीचे:-* 1) रगड़ना, 2) अप्रसन्नता, 3) टाट का बना थैला, 4) जादू, 5) एक गायिका, 7) अवश्य, 9) कोठरी, 10) एक भाषा, 11) मध्यवर्ती काल, 12) अस्थायी, 15) पत्र आदि पर लिखा किसी का नाम और रहने की जगह, 17) मटमैले रंग का एक कीड़ा जो खून चूसता है, 18) बाल्य, 19) ज़ख्मी; घायल, 21) स्वीकृति.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ह | ब्ब | त | ■ | अ | न्य | ■ | न | ष्ट |
| क़ | द | ■ | र | सी | द | ■ | अ | दा | ■ |
| र | ■ | खू | ब | ■ | ना | मं | जू | र | ■ |
| ना | ज़ | ■ | त | भी | ■ | ■ | बा | द | ल |
| ■ | ब | धा | र | ■ | ध | ज्जी | ■ | ■ | ज्ज |
| ■ | र | ■ | ■ | ज | मा | ■ | अ | त्यं | त |
| गो | द | ■ | ए | ■ | चौ | प | ट | ■ | दा |
| म | स्त | मौ | ला | ■ | क | ■ | क | गा | र |
| य | ■ | ■ | न | शे | ड़ी | ■ | ना | ड़ी | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 7 | | | |
| | 3 | | | | | | | 5 |
| | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | 8 | | | 7 | | | 4 | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | 5 | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 8 | 6 |
| 6 | | | 2 | 9 | | 1 | | |
| | | | | 6 | | | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3103 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 7 | 8 |

# कोलकाता समेत राज्य भर में लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित

## कोलकाता के कई इलाकों में जलभराव, ऑरेंज अलर्ट जारी



ठनठनिया कालीबाड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता समेत बंगाल के कई दक्षिणी जिलों में मंगलवार सुबह से ही भारी बारिश हुई, जिससे सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव हो गया। अलीपुर मौसम कार्यालय ने कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मानसून और कम दबाव के चलते कोलकाता में भारी बारिश हो रही है। कोलकाता, साल्टलेक और हावड़ा के कई इलाकों में रात भर हुई लगातार बारिश के कारण जलभराव की खबर है। मंगलवार को सेंट्रल एवेन्यू का एक हिस्सा पानी से भर गया। कोलकाता शहर के कई इलाके जलमग्न हैं। कोलकाता नगर निगम के सूत्रों के अनुसार, सुबह 2 बजे से सुबह 8 बजे तक जोधपुर पार्क में 195 मिलीमीटर, मानिकतला में 80 मिमी, दत्ता बागान में 77 मिमी, बीरपारा में 78 मिमी और मार्कस स्क्वायर में 68 मिमी बारिश हुई। अलीपुर में 81.6 मिलीमीटर, दमदम में 99.3 मिलीमीटर और साल्ट लेक में 88.3 मिलीमीटर बारिश हुई। मंगलवार की सुबह तक बारिश जारी रहने के कारण काम पर जाने वाले लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोलकाता के लोग जलभराव से परेशान हैं। हालांकि, कोलकाता नगर निगम जमा पानी को निकालने में जुट गया है। जल निकासी विभाग ने सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर काम शुरू कर दिया है।

आज दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, जिले के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी। बुधवार से शुक्रवार तक बारिश कम हो सकती है। विभिन्न जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। शनिवार से गरज के साथ बारिश फिर से बढ़ने की संभावना है। अलीपुर स्थित मौसम कार्यालय ने बुधवार को उत्तर बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। दार्जिलिंग, कालिंपोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में भारी बारिश की संभावना है। अन्य जिलों में भी गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गुरुवार को जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, उत्तर बंगाल के ऊपरी 5 जिलों में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

### डीवीसी ने छोड़ा 46 हजार क्यूसेक पानी, हावड़ा-हुगली समेत कई जिलों में बाढ़ का खतरा

राज्य में एक दिन की मूसलधार बारिश के बाद दामोदर घाटी निगम को दुर्गापुर बैराज से जल छोड़ने की मात्रा में भारी वृद्धि करनी पड़ी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अब तक बैराज से लगभग 46 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है, जिससे दक्षिण बंगाल के कई निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका गहराने लगी है। डीवीसी के अनुसार, दुर्गापुर बैराज के अतिरिक्त, मैथन और पांचेत बांधों से भी लगभग 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे विशेष रूप से हावड़ा और हुगली जिलों के कई क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। बीते वर्षों में भी डीवीसी की जल छोड़े जाने की प्रक्रिया के कारण इन जिलों में जलभराव और फसल क्षति की घटनाएं सामने आई थीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य प्रशासन ने संबंधित जिला प्रशासन को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए आपदा प्रबंधन बल को तैनात रखा गया है। संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है और जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और मौसम विभाग के साथ समन्वय बनाकर आगे की रणनीति तय की जा रही है।

# वियतनाम के राजदूत ममता से मिले, व्यापार पर हुई चर्चा



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में वियतनाम के राजदूत गुएन थान हेई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की और व्यापार एवं द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि राज्य सचिवालय में हुई इस मुलाकात में वियतनाम और पश्चिम बंगाल के बीच व्यापक और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भी चर्चा हुई। अधिकारी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में वियतनाम और पश्चिम बंगाल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मुख्य रूप से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बंगाल वैश्विक कारोबार शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत भी मौजूद थे। वियतनाम के मुंबई स्थित महावाणिज्यदूत ली क्वांग बिएन और दिल्ली में वियतनामी दूतावास के काउंसलर ट्रान थान तुंग भी बैठक में मौजूद रहे।

### 'सेफ ड्राइव, सेव लाइफ डे' पर मुख्यमंत्री ने जनता से यातायात नियमों के पालन का किया आग्रह

'सेफ ड्राइव, सेव लाइफ डे' के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को लोगों से जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दिन, मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि आज हम 'सेफ ड्राइव, सेव लाइफ डे' मना रहे हैं। यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जिम्मेदार ड्राइविंग की आदतों को प्रोत्साहित करने और सभी के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएंगे, यातायात नियमों का पालन करेंगे और सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाएंगे। सीट बेल्ट बांधिए! सुरक्षित ड्राइव कीजिए।

# महिला सुरक्षा पर बंगाल की सरकार असंवेदनशील : नड्डा

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा की टीम ने नड्डा को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली/कोलकाता :** कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच के लिए भाजपा द्वारा गठित चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी दल ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। मंगलवार को नड्डा के आवास पर तथ्यान्वेषी दल के सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट सौंपी। बता दें कि इस तथ्यान्वेषी समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व पुलिस अधिकारी सत्यपाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, लोकसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब, राज्यसभा सदस्य मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। मंगलवार को जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा कि कोलकाता में विधि छात्रा से हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा तथ्यान्वेषी दल की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में अराजकता की चरम स्थिति और महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को उजागर करती है। संदेशखाली से लेकर आरजी कर अस्पताल और अब यह, पैटर्न वही है जिसमें चुप्पी, निष्क्रियता और आरोपितों को संरक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कसबा के लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म की घटना के दो दिनों बाद केंद्रीय स्तर पर भाजपा ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय तथ्य-खोज समिति का गठन किया था।

## ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार नहीं : बिप्लब देब




**नई दिल्ली/कोलकाता :** कसबा सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद से ममता बनर्जी सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर आ गए हैं। खासकर, भाजपा इस मुद्दे पर पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रही है। घटना के बाद से ही भाजपा लगातार ममता सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रही है। अब इस मुद्दे पर त्रिपुरा पश्चिम से सांसद और भाजपा नेता बिप्लब देब ने ममता सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर पूरी जांच ही गलत है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए देब ने कहा कि बंगाल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना टीएमसी स्पॉन्सर्ड है। सब कुछ टीएमसी की निगरानी में हुआ है। ममता बनर्जी को इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सब को बराबर अधिकार देता है, लेकिन एक विशेष संप्रदाय के लोगों को ही ममता बनर्जी बचाती हैं। जो घटना हुई है उसे लेकर तो सीएम को इस्तीफा देना चाहिए। वो सिर्फ एक संप्रदाय के लोगों को बचाने के लिए चुप बैठी हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री आप जो कर सकती हैं उसको करिए, आपको बंगाल का मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री के राज में पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल हो चुकी है।

# आज कोलकाता आएंगे जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला

**कोलकाता, समाज्ञा :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आज कोलकाता पहुंचेंगे। वे यहां विश्व बंगला मेला प्रांगण में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन जम्मू-कश्मीर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। कार्यक्रम में उमर अब्दुल्ला राज्य के पर्यटन की संभावनाओं पर प्रकाश डालेंगे और बंगाल के नागरिकों को कश्मीर की ओर आकर्षित करने का प्रयास करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार, उमर अब्दुल्ला की 10 जुलाई, गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात हो सकती है। हालांकि यह बैठक नवान्न में होगी या किसी अन्य स्थान पर, इसको लेकर अभी कोई औपचारिक जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों नेताओं की संभावित मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल तेज है। इस बैठक के राजनीतिक मायनों और संभावित चर्चाओं को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म : आरोपियों को 22 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक अदालत ने मंगलवार को यहां स्थित 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी तीन लोगों को 22 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस अभियोजकों ने अनुरोध किया कि मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा, जो कॉलेज का पूर्व छात्र और अस्थायी कर्मचारी है, और दो मौजूदा छात्र जैब अहमद तथा प्रमित मुखर्जी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए। अलीपुर अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अनुरोध स्वीकार कर लिया। इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए कॉलेज के एक सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को भी 22 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सरकारी वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि पुलिस रिमांड के दौरान अपराध के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर काम किया गया है। यह भी कहा गया कि इस संबंध में कुछ प्रारंभिक फॉरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, लेकिन जांचकर्ता फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि एफएसएल रिपोर्ट मिलने के बाद, राज्य सरकार जांच के हित में आगे के पुलिस रिमांड के लिए अनुरोध कर सकती है। मुख्य आरोपी के वकील ने दावा किया कि जांचकर्ताओं ने उससे पूछताछ के दौरान स्थापित तरीकों का पालन नहीं किया। सुरक्षा गार्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि अपराध में उसकी कोई भूमिका नहीं थी।

# शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल के 50 छात्र नेताओं पर कॉलेज परिसरों में आतंक फैलाने का लगाया आरोप




**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा से कथित रूप से जुड़े 50 नेताओं की एक सूची जारी की और उन पर राज्य के कॉलेज परिसरों में आतंक राज फैलाने का आरोप लगाया। शुभेंदु ने कहा कि ये सभी नेता 'भाइपो (भतीजा) गिरोह' से जुड़े हुए हैं और अपने राजनीतिक संबंधों के कारण काफी प्रभावशाली हैं। इस दिन, शुभेंदु ने 'भाइपो गिरोह' के 50 सदस्यों की एक गैलरी जारी की, जिसमें उन लोगों के नाम और फोटो प्रदर्शित किए गए, जिन पर उन्होंने परिसर स्तर पर अनियमितताओं एवं राजनीतिक दबाव में शामिल होने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि कई लोगों को 'उचित साक्षात्कार या योग्यता के बिना' कॉलेज में आकस्मिक कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया। शुभेंदु ने राज्य सरकार की कथित तुष्टीकरण नीतियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण एक विशेष समुदाय के गुंडे अब कांथी, लाभपुर, कमरहाटी में धार्मिक जुलूसों के दौरान और यहां तक कि सियालदह मुख्य खंड में ट्रेन में भी हथियार लहरा रहे हैं। हालांकि, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। भाजपा नेता ने कहा कि इसके विपरीत, पुलिस रामनवमी की शांतिपूर्ण शोभा यात्रा पर लगाम लगाने में अत्यधिक सक्रिय थी, जहां पारंपरिक हथियार रखना हमारी परंपराओं का हिस्सा है। ममता बनर्जी सरकार जिहादी तत्वों पर लगाम न लगाकर जम्मू-कश्मीर प्रशासन से भी आगे निकल गई है और मुस्लिम लीग 2.0 का संस्करण बन गई है। भाजपा इसकी अनुमति नहीं देगी।

## आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामला : घटनास्थल देखने की अनुमति के लिए परिवार की अपील

# राज्य सरकार और संदीप सहित तत्कालीन थाना प्रभारी ने जताई आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से हुए कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में मृतका के परिवार ने मंगलवार को सियालदह अदालत में अर्जी दाखिल कर घटनास्थल का निरीक्षण करने की अनुमति मांगी है। परिवार की ओर से अधिवक्ता फिरोज एडुलजी और अमर्त्य दे ने यह अपील दायर की। हालांकि, इस याचिका पर राज्य सरकार, तत्कालीन टाला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य संदीप घोष ने एक स्वर में आपत्ति जताई है। इन सभी का कहना है कि मामला अब भी उच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए अभी घटनास्थल पर किसी के जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि मृतका के परिवार की इस अपील पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। सीबीआई की ओर से कहा गया कि केवल सेमिनार रूम के निरीक्षण पर आपत्ति हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शीर्षेंदु बनर्जी ने अदालत को बताया कि चूंकि, मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस तरह की अर्जी को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि याचिका में स्पष्ट नहीं किया गया है कि परिवार किन-किन स्थानों का निरीक्षण करना चाहता है। साथ ही, यह भी बताया कि पीड़ित परिवार खुद सीबीआई जांच में खामियां बता रहा है, ऐसे में फिर से जांच की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अभिजीत मंडल और संदीप घोष के अधिवक्ताओं ने भी राज्य सरकार के रुख का समर्थन किया। संदीप के वकील जोएब रऊफ ने कहा कि निचली अदालत को इस मामले में सुनवाई का अधिकार ही नहीं है। उन्होंने यह भी मांग की कि यदि अदालत याचिका को मंजूरी देती है, तो पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए।

### घटना के एक वर्ष होने पर जूनियर डॉक्टर नौ अगस्त को निकालेंगे रैली

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कहा कि वे इस जघन्य वारदात के एक साल पूरे होने के मद्देनजर आठ-नौ अगस्त की दरमियानी रात को मशाल रैली निकालेंगे। जूनियर डॉक्टर्स फोरम (जेडीएफ) के प्रतिनिधि अनिकेत महतो ने बताया कि 'अभया स्मृति कार्यक्रम' के तहत निकाली जाने वाली यह रैली कॉलेज स्क्वायर से शुरू होगी और श्यामबाजार मोड़ तक जाएगी। महतो ने कहा कि हम अभया स्मृति कार्यक्रम के तहत आठ-नौ अगस्त की दरमियानी रात को मशाल रैली निकालेंगे। श्यामबाजार पहुंचने के बाद हम पूरी रात वहीं रुकेंगे और यह पता लगाने की अपनी मांग पर जोर देंगे कि एक साल पहले हमारी बहन के साथ क्या हुआ था। महतो ने जेडीएफ के अन्य जूनियर डॉक्टरों के साथ रैली में हिस्सा लेने के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम फिर से पूरी रात शहर की सड़कों पर रहेंगे और अभया की मौत के पीछे की सच्चाई जानने के लिए अपनी मांगों पर जोर देंगे। महतो ने कहा कि प्रशासन की यह परंपरा चली आ रही है कि समय के साथ लोग कुछ बातें भुला दें। जब तक सच्चाई सामने नहीं आ जाती, हम ऐसा करते रहेंगे, हम इस रैली में हिस्सा लेने के लिए सभी का स्वागत करते हैं।

**कटिहार मंडल पर विशेषीकृत सिगनलिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. KIR-N-2025-K-29 तारीखः 04-07-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **कार्य का नामः** कटिहार मंडल के एसएसई/एसआईजी/सिलीगुड़ी जंक्शन खंड पर सिगनलिंग पद्धति के विश्वसनीयता का सुधार हेतु विशेषीकृत सिगनलिंग कार्य। **निविदा राशिः** ₹2,70,17,740.10/-। **धरोहर राशिः** ₹2,85,100/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 28-07-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं **खुलेगीः** 28-07-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी आगामी 28-07-2025 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम/ (एसएंडटी)/कटिहार

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू_एलएलएच_08_2025-26, दिनांक 03.07.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "एलएलएच-सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में हेरिटेज म्यूजियम का नवीनीकरण एवं आईबीएच कॉम्प्लेक्स का उन्नयन" नामित कार्य का विद्युतीकरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.53,42,276.04, **बयाना राशि :** रु. 1,06,900/-, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.07.2025 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-124/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 07.07.2025,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.:** टीएन-95-25-26, **कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के क्षेत्राधिकार में कृष्णनगर-लालगोला शाखा में रूफ कवर्ड आरसीसी यू-ट्रफ सहित एयर पुशिंग सिस्टम द्वारा आरसीसी बॉक्सों के जरिए लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नं. 92/ई, 165/ई और 171/ई को हटाया जाना। **निविदा मूल्य :** रु.25,54,60,246.01, **बयाना राशि :** रु. 14,27,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2025 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक 04.08.2025** को 15.30 बजे है।

SDAH-113/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू एलॉटमेंट/ऑक्शन/2022** **दिनांक 07.07.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन (ए 1 कैटेगरी) पर 01 स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। नीलामी का विवरण: **ऑक्शन कैटलॉग सं. सीएटीजी-जेयूएल 17-25, क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी:** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसएमयू-62-24-1 (कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), **विवरण:** स्पेशल माइनर यूनिट (कैटरिंग) - आरक्षित, **रेट यूनिट :** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क, **ट्रिप/दिन :** 1826, **अंतिम तिथि/समय :** दिनांक 17.07.2025 को 12.30.00, **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2, **ईएमडी :** 10%, **आवश्यक टर्नओवर :** शून्य।

HWH-179/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पे एंड यूज शौचालय के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: केजीपी/पीएनयू/2025/06** **दिनांक: 07.07.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 पर मौजूद एक सामान्य 'पे एंड यूज' शौचालय इकाई के संचालन और रखरखाव अनुबंध हेतु 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है। • **नीलामी सूची संख्या: केजीपी-पीएनयूटाओआई-पीएफ 3, नीलामी तिथि 17.07.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमशः 10:00 और 10:30 बजे।** जिसकी सूचना **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर दी गई है। इच्छुक पार्टियां और ठेकेदार इसे ध्यान में रखें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर जाएं। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-368) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/84/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएगें। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in पर ई-निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीखः |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81255413 | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ हाई विस्कुस नायलॉन 66 इंसुलेटिंग लाइनर | 897021 नंबर | 24.07.2025 |
| 2 | 65245003B | डेसिंग सप्लाई इरेक्शन एण्ड कमीशनिंग ऑफ 50/10 टन EOT क्रेन | 03 नंबर | 31.07.2025 |
| 3 | 81235184H | सपल रबर pad | 306 सेट | 04.08.2025 |
| 4 | 81255343 | मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ प्रि टेन्सिओनेड प्रि स्ट्रेस्ड कंक्रीट (PSC) स्लीपर सेट | 540 सेट | 04.08.2025 |
| 5 | 20255011 | ट्रैक्शन मोटर टाइप HS-15250A विथ एअर्थ ब्रश assly | 80 नंबर | 06.08.2025 |
| 6 | 81255428 | नई सेट ऑफ टम्पिंग यूनिट ऑफ MFI मशीन | 01 सेट | 06.08.2025 |
| 7 | 30251656 | प्रोक्योरमेंट ऑफ ड्राफ्ट योके (फैब्रिकेटेड डिज़ाइन) | 730 नंबर | 14.08.2025 |

नोट - 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

स्टोर्स सामग्री की प्राप्ति हेतु **ई-निविदा सूचना सं. 03/25-26, दिनांक 08.07.2025,** निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर पूरे विवरण के साथ पहले ही अपलोड कर दी गई हैं। मैनुअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। किसी भी शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 01251979ए | 110वी, 300एएच वीआरएलए बैटरी का सेट जो साधारणतया आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0009-2014(रिव-2) के अनुरूप है, जिसमें इंटर सेल और इंटर मॉड्यूल कनेक्टर, हार्डवेयर आदि के साथ 52 अदद 2वी सेल मॉड्यूल शामिल हैं। | 15 सेट | 12.07.2025 को 14.00 बजे |

प्रधान सीएमएम, मेट्रो रेलवे, कोलकाता

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या:** WTP-FWP-MCF-2025-02, **नियत तिथि:** 25.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या WTP-FWP-MCF-2025-02 नियत तिथि 25.07.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई.निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** एफडब्ल्यूपी/आरबीएल में जल उपचार संयंत्र पर खुली निविदा के माध्यम से दो वर्षों के लिए आवेदन एवं आपूर्ति के आधार पर सामग्री एवं अनुप्रयोगों की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 55,99,284.08 (रु. पचपन लाख निन्यानवे हजार दो सौ चौरासी रुपए आठ पैसा मात्र) **धरोहर राशि: (₹)** 1,12,000.00 (रु. एक लाख बारह हजार मात्र) निविदा प्रपत्र का मूल्य- शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा -03 अनुसार) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**-25.07.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी**

**निविदा संख्या:** FWP-CABLE-TRAYS-2025-055, **नियत तिथि:** 28.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **FWP-CABLE-TRAYS-2025-055** नियत तिथि **28.07.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई.निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार एफडब्ल्यूपी के गर्मी के संपर्क में आने वाले क्षेत्रों में केबल ट्रे और नलिकाओं में केबलों की सुरक्षा का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 9,85,300.00 (रु. नौ लाख पच्चासी हजार तीन सौ मात्र) **धरोहर राशि: (₹)** 19,700.00 (रु. उन्नीस हजार सात सौ मात्र) निविदा प्रपत्र का मूल्य- शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा -03 अनुसार) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**-28.07.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई-निवदि सं.एम-200/ एमसीएफ/आरबीएल/पार्ट-फर. एक्टिवटीज/वी बी/एफ-74, दिनांक 04.07.2025) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेवले पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** 9 वंदे भारत रेक के लिए कार्य के दायरे के अनुसार वंदे भारत ट्रेन रेक (वंदे भारत रेक की कोच संरचना - डीटीसी 1-1 कोच, डीटीसी 2-1 कोच, एमसी 1-5 कोच, एमसी 2-5 कोच, एनडीटीसी-1, कोच, एनडीटीसी/ईसी-1 कोच, एनडीटीसी/ईसी 3-1 कोच, टीसी-5 कोच, कुल-20 कोच प्रति वीबी रेक) में आंतरिक आंशिक मैकेनिकल फर्निशिंग और फिटिंग कार्यों के लिए निविदा कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 2,42,13,600.00 **अमानत राशि: (₹)** 2,71,100.00 **कार्य की मात्रा -** अनुसूची ए-09 डीटीसी-1 कोच, अनुसूची बी-09 डीटीसी-2 कोच, अनुसूची सी-45 एमसी-1 कोच, अनुसूची डी-45 एमसी-2 कोच, अनुसूची ई-09 एनडीटीसी कोच, अनुसूची एफ-09 एनडीटीसी/ईसी कोच अनुसूची जी-09 एनडीटीसी/ईसी 3 कोच, अनुसूची एच-45 टीसी कोच। कुल = 180 वंदे भारत कोच। **कार्य समापन की अवधि-** 12 माह या पहले। • **ई निविदा** दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • **ई-निविदा** दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे के बाद ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। **ई-निविदा** सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग/समन्वय**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 22/ईटी./2025-26 दिनांक: 04.07.2025**

| क्र.सं | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03251422 | सप्लाई इन्स्टलेशन एन्ड कमीशिनिंग एन्ड मेनटनेन्स ऑफ ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन कम सप्रेशन सिस्टम (हाई प्रेशर वाटर मीस्ट सिस्टम) फॉर एलएचबी पावर कार एन्ड पैन्ट्री कार कोचेज | 297 सेट | 12.08.2025 |
| 02 | 07251496 | स्टील वायर 1.2 एमएम इन स्पूल | 160120 कि.ग्रा. | 06.08.2025 |
| 03 | 04251144 | कम्परेग प्लाईवुड 12x1220x3000 एमएम | 3803 नग | 04.08.2025 |
| 04 | 01251047बी | स्टील सीट ऑफ साइज=20x2500x6400 एमएम | 76688.64 कि.ग्रा. | 25.07.2025 |
| 05 | 05251163 | डबल इनलेट सेन्ट्रीफ्यूगल ब्लोअर 190वी एसी, 3-फेस, 50 एचजेड फॉर एगजास्ट फॉराम लेवोटरीस फॉर एलएचबी नॉन-एसी कोचेज | 2972 नग | 08.08.2025 |
| 06 | 03251324 | सेट ऑफ फ्लोर प्लेट फॉर एलएचबी पावर कार इओजी कोचेज | 141 सेट | 26.08.2025 |
| 07 | 11251083 | वन कोच सेट ऑफ पार्टीशन फ्रेमस एन्ड बाडी सेल आइटमस फॉर मेमू/टीसी 6 3-फेस कोचेज | 54 सेट | 05.08.2025 |
| 08 | 03251568 | गंगवे ब्रिज माउंटिंग | 5545 नग | 25.07.2025 |
| 09 | 05251159 | बैट्री बाक्स माउंटिंग | 582 नग | 16.09.2025 |
| 10 | 05251138 | सेट ऑफ केज क्लैम्प टर्मिनल विद ग्लास फ्यूज फॉर एलएचबी इओजी एसी- 3टीयर कोचेज | 274 सेट | 05.08.2025 |
| 11 | 05251124 | 60 केवीए ट्रांसफारमर 750वी/415वी, 3-फेज 4 वायर वेक्टर कॉन्फिगरेशन-स्टार-स्टार | 459 नग | 27.08.2025 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 13/ईटी/2025-26 दिनांक 10.06.2025 | टेन्डर नं. 11241442बी | निविदा खुलने की तिथि- 01.07.2025 के स्थान पर तिथि 10.07.2025 पढ़ें। |
| 02 | 15/ईटी/2025-26 दिनांक 18.06.2025 | टेन्डर नं. 12241374 | निविदा खुलने की तिथि- 09.07.2025 के स्थान पर तिथि 16.07.2025 पढ़ें। |
| 03 | 19/ईटी/2025-26 दिनांक 26.06.2025 | टेन्डर नं. 03251073ए | निविदा खुलने की तिथि- 07.07.2025 के स्थान पर तिथि 17.07.2025 पढ़ें। |

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी**

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नौकरी बहाली की मांग पर शिक्षकों के 'नवान्न अभियान' को पुलिस ने रोका



**हावड़ा/कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्कूलों में सैकड़ों गैर-शिक्षण कर्मचारी नौकरी की बहाली की मांग को लेकर मंगलवार को राज्य सचिवालय 'नवान्न' की ओर बढ़े। हालांकि, पुलिस ने उनके मार्च को सचिवालय से तीन किलोमीटर पहले ही रोक दिया। अधिकारियों के मुताबिक, खराब मौसम के बावजूद ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री या राज्य के मुख्य सचिव से मिलने का समय मांगते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखा। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को हावड़ा में राज्य सचिवालय नवान्न' से करीब तीन किलोमीटर पहले बंकिम सेतु के नीचे रोक दिया गया और मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव से मिलने की उनकी मांग ठुकरा दी गई। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि एसएससी ने उन्हें 'दागी' नहीं बताया, इसके बावजूद शीर्ष अदालत के आदेश के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई हुई। पात्र गैर-शिक्षण कर्मचारी अधिकार मंच के प्रवक्ता बिक्रम पोली ने कहा कि हमने तीन जुलाई को सरकार को उस संकट के बारे में एक प्रश्नावली सौंपी थी, जिसके कारण हमारी नौकरी चली गई। हम अपनी दुर्दशा के लिए सरकार को जिम्मेदार मानते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी मुख्यमंत्री या उनकी अनुपस्थिति में मुख्य सचिव हमारे सवालों का जवाब देंगे। हम उनसे मिलने के लिए 'नवान्न' तक मार्च निकाले रहे हैं। पोली ने प्रदर्शनकारियों को बंकिम सेतु पर रोके जाने के बाद कहा कि पुलिस अब हमें बता रही है कि सरकार का एक प्रतिनिधि 'नबन्ना' में हमसे मिलेगा, लेकिन मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव वहां नहीं होंगे। हम इसे स्वीकार नहीं करते। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती, हम अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारियों ने मध्य हावड़ा में स्थित हावड़ा मैदान से अपना मार्च शुरू किया और जलभराव वाली सड़कों से होते हुए आगे बढ़े। उन्होंने स्कूलों में 3,394 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की तत्काल बहाली की मांग की, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और दागी नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि शीर्ष अदालत के आदेश के कारण वे पिछले चार महीने से बेरोजगार हैं। उन्होंने मांग की कि एसएससी पात्र और गैर-दागी उम्मीदवारों के रूप में सभी 3,396 कर्मचारियों की प्रमाणित सूची प्रकाशित करे।

## सरकार और एसएससी को शिक्षक मामले में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने की मिली अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार और एसएससी को यह अनुमति दी कि वे स्कूल शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती दे सकें। बता दें कि एकल पीठ ने सोमवार को स्कूल सेवा आयोग को यह आदेश दिया कि वह 2016 की भर्ती प्रक्रिया में शामिल उन उम्मीदवारों को, जिन पर गड़बड़ी के आरोप हैं, इस साल की नई भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने से रोके। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार और स्कूल सेवा आयोग (बीएसएससी) को अपील दायर करने की अनुमति दे दी। राज्य और एसएससी के वकीलों ने खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर कर अपील दायर करने की अनुमति मांगी तथा



शीघ्र सुनवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने सोमवार को राज्य सरकार और एसएससी को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए शिक्षण स्टाफ की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था, जो 30 मई की भर्ती अधिसूचना के तहत शुरू हुई थी। अदालत ने निर्देश दिया कि उक्त चयन प्रक्रिया में, चिन्हित दागी उम्मीदवारों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने निर्देश दिया कि यदि किसी दागी उम्मीदवार ने उक्त भर्ती अधिसूचना के तहत अपनी उम्मीदवारी पेश करने के लिए आ-वेदन किया है, तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया को तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 17 अप्रैल के आदेश में निर्धारित समय-सारिणी का प्राधिकारियों द्वारा कड़ाई से पालन किया जाए। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य की एकल पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद, एसएससी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने 30 मई की अधिसूचना के आधार पर दागी उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने के संबंध में आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना की थी। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने उचित विचार-विमर्श के बाद प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया।

## स्व. चंद्रशेखर सिंह की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** बलिया नागरिक उन्नयन समिति के तत्वावधान में भारत के 8वें पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. चंद्रशेखर सिंह जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक स्मृति सभा का आयोजन मंगलवार को कोल इंडिया भवन के समक्ष किया गया। इस स्मृति सभा में समाज के प्रबुद्ध जनों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पण किया, जहां राजगृह सिंह, अमर पांडेय, दारा सिंह, राजकुमार कुंवर, मुन्ना मंडल, संजय पांडेय, रूपेश साव, अजित सिंह, महंगू सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश वर्मा, प्रेम सिंह ने वक्तव्य में उनके कृतियों की व्याख्या किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकटा सिंह, संतोष सिंह सिटू, मुन्ना महतो, प्रदीप मिश्रा,योगेंद्र सिंह, शेषनाथ मिश्रा, परमा सोनकर, सुरेश सिंह, संजय सिंह, अक्षय दास का बड़ा योगदान रहा। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह ने किया।

## नरसिंह दत्त कॉलेज में एसएफआई का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प



**हावड़ा, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हावड़ा जिले के एक कॉलेज के समक्ष प्रदर्शन किया और तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के एक नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसने दो साल पहले संस्थान के प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हावड़ा के नरसिंह दत्त कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया, वे टीएमसीपी नेता सौविक रॉय के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एसएफआई नेता सुभाजीत सरकार ने कहा कि हम टीएमसीपी उपाध्यक्ष रॉय की गिरफ्तारी की मांग करते हैं, जिसने कॉलेज में धमकी की संस्कृति फैलाई थी और आम छात्रों को परेशान करते थे। टीएमसीपी ऐसे लोगों से भरी हुई है। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसएफआई का विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक टीएमसीपी में मनोजीत मिश्रा जैसे सभी लोगों की पहचान नहीं हो जाती और परिसर में अराजकता का माहौल पैदा करने के लिए कानून के अनुसार उन पर मुकदमा नहीं चलाया जाता।

### तृणमूल ने छात्र नेता सौविक रॉय को जारी किया शो-कॉज नोटिस

हावड़ा के नरसिंह दत्त कॉलेज में रैगिंग के एक पुराने वीडियो ने एक बार फिर से सियासी और शैक्षणिक हलकों में हलचल मचा दी है। यह वीडियो अब राज्य तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के सह-संयोजक सौविक रॉय के खिलाफ उठाए गए आरोपों का केंद्र बन गया है। हाल ही में कसबा लॉ कॉलेज में रैगिंग की एक अन्य घटना के बाद, नरसिंह दत्त कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर सौविक रॉय का मुद्दा उठाया है, जिससे मामला तूल पकड़ गया है। इस विवाद के चलते तृणमूल कांग्रेस ने सौविक रॉय को नोटिस (शोकॉज) जारी किया है। सौविक रॉय ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि पार्टी ने मुझे नोटिस भेजा है और मैं उसका जवाब दूंगा। मैं काफी पहले कॉलेज से पास आउट हो चुका हूं। मेरा कॉलेज से अब कोई सीधा संबंध नहीं है। सिर्फ जरूरत पड़ने पर या किसी बड़े मुद्दे पर ही कॉलेज जाता हूं।

## हिंदवेयर ने कोलकाता में नया प्रीमियम ब्रांड स्टोर किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी बाथवेयर कंपनी हिंदवेयर लिमिटेड ने कोलकाता के इचापुर में अपना नया प्रीमियम ब्रांड स्टोर 'तिरुपति सेल्स कॉर्पोरेशन' लॉन्च किया है। यह स्टोर पूर्वी भारत में कंपनी की मौजूदगी को और मज़बूत करता है। इस लॉन्च के साथ कोलकाता में हिंदवेयर के कुल 4 ब्रांड स्टोर और पश्चिम बंगाल में 30 स्टोर हो गए हैं। नया स्टोर ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाइनरों को कंपनी के सैनिटरीवेयर, नल, शॉवर और स्मार्ट बाथरूम उत्पादों की पूरी रेंज दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हिंदवेयर लिमिटेड के सीईओ श्री निरुपम सहाय ने कहा कि कोलकाता का तेज़ शहरी विकास और बढ़ती मांग इसे कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार बनाता है। उन्होंने बताया कि देशभर में कंपनी के 575 से अधिक ब्रांड स्टोर और 35,000 से अधिक रिटेल पॉइंट्स हैं, जिन्हें मज़बूत आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का समर्थन प्राप्त है। हिंदवेयर लिमिटेड 'हिंदवेयर', 'क्यूओ', 'हिंदवेयर इटालियन कलेक्शन' जैसे ब्रांड्स के साथ साथ 'हिंदवेयर इटालियन टाइल्स' और 'ट्रुफ्लो बाय हिंदवेयर' जैसे उत्पादों की पेशकश करती है।

## प्राइम डे से पहले 'अमेजन ब्यूटीवर्स 2025' में सौंदर्य प्रेमियों का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राइम डे 2025 से पहले अमेजन इंडिया ने मुंबई में 'अमेजन ब्यूटीवर्स 2025' का आयोजन किया, जहां 600 से अधिक प्राइम सदस्य, कंटेंट क्रिएटर्स और सौंदर्य प्रेमी शामिल हुए। इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर जैसी हस्तियां उपस्थित रहीं। मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम में बेला वीटा, विशकेयर, एक्सिस-वाई जैसे ब्रांड्स सहयोगी बने। प्राइम डे लॉन्च से पहले इस इवेंट में विभिन्न ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट्स की झलक दिखाई गई और विशेषज्ञों की मास्टरक्लासेज आयोजित की गईं। अमेजन ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत ने इसे एक समावेशी और टेक-इनेबल्ड ब्यूटी डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कदम बताया। अमेजन इंडिया के जाहिद खान ने कहा कि ब्यूटीवर्स के जरिये समुदाय निर्माण और क्रिएटर्स के सहयोग को नया रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन सौंदर्य खुदरा क्षेत्र में तकनीक, क्रिएटर्स और ग्राहकों को जोड़ने की अमेज़न की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## डाबर और एनॉबल ने कोलकाता के तीर्थपति इंस्टीट्यूशन में नवीनीकृत कैंपस का उद्घाटन किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रसिद्ध स्कूल तीर्थपति इंस्टीट्यूशन (बालीगंज) में आज नवीनीकृत कैंपस का उद्घाटन हुआ। यह कार्य डाबर इंडिया लिमिटेड और एनॉबल सोशल इनोवेशन फाउंडेशन की साझेदारी में किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्कूल के 2200 से अधिक छात्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रेरणादायक माहौल देना है। बदलावों में बिल्डिंग की मरम्मत, पेंटिंग, शौचालयों का नवीनीकरण, दिव्यांगों के लिए रैंप और अन्य सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं। डाबर के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और उन्हें बेहतर माहौल मिलना चाहिए। एनॉबल फाउंडेशन के सीईओ चिराग भंडारी ने इसे एक प्रेरक मॉडल बताया जिसे देश के अन्य स्कूलों में भी अपनाया जा सकता है।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने 25 स्कूलों के छात्रों को बैग और सामग्री वितरित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से मंगलवार को बड़ाबाजार माला पाड़ा स्थित सत्संग भवन के प्रांगण में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोलकाता के 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क स्कूल बैग, पाठ्यक्रम सामग्री और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष महेंद्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारीलाल सराफ, सचिव नंदकिशोर भूतड़ा ने बताया कि स्कूल बैग एवं खाद्य सामग्री एवं पाठ्यक्रम सामग्री वितरण कार्यक्रम समिति की ओर से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। वहीं, संयोजक मनोज कुमार जैन, विवेक



अग्रवाल मुकेश कुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता ने बताया कि समय-समय पर कोलकाता हावड़ा के अन्य विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित होता रहता है। समिति के सह सचिव दयानन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष बजरंगलाल खेडिया, राजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य सुशील कुमार मिमाणी, अरुण कुमार बड़ोदिया,सुरेंद्र कुमार शर्मा भंवरलाल बिहानी, गोरधनसिंह राजपुरोहित, विकास पारिक राकेश कुमार शर्मा मनोज कुमार तिवारी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ अशोक सिंह, समाजसेवी दिनेश सिंह सहित सभी सभी कार्यकर्ता सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

## सियालदह राजधानी का फर्स्ट एसी कोच बना 'मूविंग म्यूजियम', दो राजधानियों की कहानी पहल शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह राजधानी एक्सप्रेस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर, सियालदह मंडल के कैरेज एंड वैगन विभाग ने यात्रियों के लिए एक अनोखी पहल की है। विभागाध्यक्ष रोहित रंजन के नेतृत्व और मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना के मार्गदर्शन में राजधानी एक्सप्रेस के प्रथम एसी कोच को 'मूविंग म्यूजियम' में तब्दील किया गया है। दो राजधानियों की कहानी नामक इस पहल के तहत कोलकाता और नई दिल्ली के बीच साझा सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और विरासत को चित्रों व डिजाइनों के माध्यम से दर्शाया गया है। इस संग्रहालयनुमा कोच में यात्रियों को एक दृश्य और



बौद्धिक यात्रा का अनुभव होता है, जहां वे प्राचीन ऋषियों, सुधारवादी नेताओं जैसे राजा राम मोहन राय, स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर की प्रेरक गाथाएं, दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक महत्ता, विक्टोरिया मेमोरियल, गवर्नमेंट हाउस जैसे स्थलों की भव्यता और दोनों शहरों के ऐतिहासिक संबंधों से रूबरू होते हैं। यह सजावट केवल देखने भर के लिए नहीं, बल्कि एक सोचने और जुड़ने का माध्यम भी है। डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि यह म्यूजियम ऑन व्हील्स न सिर्फ एक कलात्मक प्रदर्शन है, बल्कि राजधानी की 25 वर्षों की सेवा को समर्पित श्रद्धांजलि भी है। यह पहल रेलयात्रा को एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव में बदल देती है, जहां यात्री केवल गंतव्य तक नहीं पहुंचते, बल्कि इतिहास, कला और भारतीय विरासत के साथ एक गहरा जुड़ाव भी महसूस करते हैं।

## भारत में आरएसवी संक्रमण से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने टीकाकरण और जागरूकता पर दिया जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में तेजी से फैल रहे रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी जारी की है। यह वायरस पांच साल से कम उम्र के बच्चों में फेफड़ों का गंभीर संक्रमण करता है, जिससे हर साल दुनियाभर में लाखों बच्चों की जान जाती है। भारत में हर साल 2.5 करोड़ से अधिक बच्चों का जन्म होता है, जिससे आरएसवी संक्रमण का बोझ और बढ़ जाता है। खासतौर पर मानसून और सर्दी के मौसम में नवजातों को अस्पताल में भर्ती करने के मामले तेजी से बढ़ते हैं। भारतीय पीडियाट्रिक्स एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. वसंत खलटकर के अनुसार, आरएसवी से बचाव के लिए अब भारत में नर्सेवीमैब जैसी नई मोनोक्लोनल एंटीबॉडी उपलब्ध है, जिसे एक बार देने पर पूरे सीजन तक सुरक्षा मिलती है। सैनोफी और डॉ. रेड्डीज ने मिलकर अप्रैल 2025 में एक नई रोकथाम प्रणाली की शुरुआत की है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर जानकारी, टीकाकरण और माता-पिता की सतर्कता से बच्चों को इस गंभीर संक्रमण से सुरक्षित रखा जा सकता है।

## दक्षिण बंगाल में भारी बारिश के बीच सियालदह मंडल ने संभाला रेल संचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल में लगातार हो रही मूसलधार बारिश और गंगीय पश्चिम बंगाल में बने निम्न दबाव क्षेत्र को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती परिसंचरण के चलते अगले दो दिनों तक अत्यधिक वर्षा की आशंका जताई गई है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है। इन विकट परिस्थितियों के बीच सियालदह रेल मंडल ने रेल सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पूरे मंडल क्षेत्र में भारी बारिश और जलजमाव के बावजूद किसी भी ट्रेन को अब तक रद्द नहीं किया गया है। हालांकि, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की गति धीमी कर दी गई है। मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना के नेतृत्व में इंजीनियरिंग, सिग्नल-टेलिकॉम, ऑपरेटिंग और अन्य विभागों की टीमें 24 घंटे काम कर रही हैं ताकि रेल संचालन में बाधा न आए। भारी वर्षा की स्थिति से निपटने के लिए कई जरूरी उपाय अपनाए जा रहे हैं, जिनमें पटरियों की लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थानों की निगरानी, जलनिकासी के लिए सभी संसाधनों का उपयोग, लोको पायलटों की रिपोर्ट के आधार पर संकट प्रबंधन, यार्ड व स्टेशनों में लोड की जांच और प्वाइंट्स तथा क्रॉसिंग की आकस्मिक जांच शामिल है। रातभर की निगरानी और कुशल आपदा प्रबंधन की बदौलत सियालदह मंडल ने कठिन मौसम के बावजूद 'रेल की जीवनरेखा' को बनाए रखा है। विभागीय प्रयासों और सजगता के कारण यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सेवाएं जारी हैं।

## बियॉन्ड बॉउंड्रीज : पूर्व रेलवे की खेल अकादमियां गढ़ रही हैं भविष्य के खेल सितारे

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अब केवल एक यात्री और माल-वाहक जोन ही नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं के निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। पूर्वी भारत में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवे ने पिछले कुछ वर्षों में कई खेल अकादमियां स्थापित की हैं, जो अब सफलता की कहानियां लिख रही हैं। कोविड महामारी के बाद वर्ष 2022 में बेहाला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में क्रिकेट अकादमी की शुरुआत की गई। 'खेलो इंडिया' मिशन से प्रेरित यह पहल क्षेत्रीय युवाओं को कम शुल्क में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए की गई थी। जल्द ही यह अकादमी उत्कृष्ट खिलाड़ियों का गढ़ बन गई। वाजेद हुसैन बंगाल की अंडर-19 टीम में चुने गए, शुभंकर दे ने बंगाल प्रीमियम लीग में हिस्सा लिया और अकादमी की अंडर-15 टीम ने सीएबी टूर्नामेंट में



शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस सफलता को देखते हुए बेहाला में बास्केटबॉल और गोहलसपुर में स्वीमिंग व डाइविंग अकादमियों की शुरुआत की गई। इनसे भी शानदार परिणाम सामने आए - सानिया बनर्जी ने झारखंड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लगातार तीन बार पहला स्थान पाया, जबकि कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। अप्रैल 2025 में स्थापित 'लक्ष्य' शतरंज अकादमी, ग्रैंडमास्टर्स के मार्गदर्शन में, अल्प समय में ही उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुकी है। इस दौरान 700 से अधिक प्रशिक्षुओं की भागीदारी पूर्व रेलवे की इस अनूठी पहल की सफलता का प्रमाण है।

## अमिताभ दसानी बने कोलकाता मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन के नए अध्यक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी भारत की प्रतिष्ठित व्यापार संस्था कोलकाता मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन (सीएमडीए) ने अपने नए अध्यक्ष के रूप में अमिताभ दसानी के चयन की औपचारिक घोषणा की है। श्री दसानी उद्योग जगत में एक जाना-पहचाना नाम हैं और टॉलीवुड के प्रमुख दसानी फिल्म स्टूडियोज के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में प्रसिद्ध हैं। वे हेल्थकेयर और मेडिकल उपकरणों के निर्माण, आयात और वितरण के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं और मॉर्निंग वॉकर जैसे लोकप्रिय ब्रांड को सफलतापूर्वक बाजार में स्थापित किया है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है, वे जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ), कोलकाता के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के डायरेक्टर-इन-चार्ज हैं और पार्क इंग्लिश स्कूल के एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं। अध्यक्ष बनने पर अपने वक्तव्य में श्री दसानी ने



कहा, सीएमडीए के बोर्ड और सदस्यों द्वारा मुझ पर जताए गए विश्वास के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। पिछले दस वर्षों से मैंने यूथ विंग के संस्थापक अध्यक्ष और चार वर्षों तक मानद सचिव के रूप में संगठन की सेवा की है। अब मैं अपनी टीम के साथ मिलकर संगठन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस अवसर पर अन्य प्रमुख पदों पर भी नियुक्तियां की गईं। कमल कुमार सुराना को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार दुगड़ को मानद सचिव और कपिल धारीवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## मिआ बाय तनिष्क ने बिधाननगर में नए स्टोर के साथ पश्चिम बंगाल में रिटेल उपस्थिति को बढ़ाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रतिष्ठित फाइन ज्वेलरी ब्रांड मिआ बाय तनिष्क ने पश्चिम बंगाल के बिधाननगर में अपने नए स्टोर का उद्घाटन किया। यह नया स्टोर साउथ सिटी पिनेकल, साल्ट लेक सिटी, सेक्टर 5 में स्थित है और ब्रांड के राज्य में 17वें स्टोर के रूप में लॉन्च हुआ है। इस स्टोर का उद्घाटन विक्रम रेड्डी और फिलिप आंद्रे वियाना ने किया। 620 वर्ग फुट में फैले इस स्टोर में सोना, चांदी, हीरा और रत्नों से बनी आधुनिक ज्वेलरी का चयन उपलब्ध है। ग्राहक यहां गोल्डन हार्वेस्ट स्कीम के तहत निवेश कर विशेष छूट का लाभ भी ले सकते हैं। स्टोर में मिआ के नवीनतम कलेक्शन जैसे फियोरा, क्यूपिड एडिट 3.0, डिस्को और लवस्ट्रक के अलावा ईवल आई संग्रह भी उपलब्ध हैं। मिआ के विपणन प्रमुख श्री संजय भट्टाचार्जी ने कहा कि यह विस्तार ग्राहकों को खूबसूरत, आधुनिक और रोजमर्रा की उपयोगी ज्वेलरी की पेशकश का प्रमाण है।

## चिरेका के चार कर्मचारियों को मिला 'मैन ऑफ द मंथ' सम्मान



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के चार कर्मचारियों को जून 2025 के लिए मैन ऑफ द मंथ अवार्ड दिया गया। इन्हें महाप्रबंधक विजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित कर्मचारियों में शामिल हैं- सुनील कुमार (विद्युत विभाग), पल्लब कुमार माजी (कार्मिक विभाग), नरेन्द्र सिंह (सुरक्षा विभाग), मिठू दास (यांत्रिक विभाग)। इन सभी ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इसके साथ ही, चिरेका की महिला जिम्नास्ट प्रणति नायक को भी दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने के लिए विशेष सम्मान दिया गया। महाप्रबंधक ने सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आचार्य श्री भिक्षु सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थे : मुनि जिनेश कुमार

### आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष शुभारंभ पर भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेशकुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष शुभारंभ समारोह का आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार, डिविनिटी पवेलियन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री विनेश कुमार जी ने कहा- आचार्य भिक्षु सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थे। वे संयम और तप में पराक्रम करने वाले महर्षि थे। वे मरुधर के मंदार व अलबेले योगी और बचपन से ही प्रतिभा सम्पन्न व कुशाग्र मेधा के धनी थे। उनकी वाणी कबीर की भांति कुरुतियों पर प्रहार करने वाली थी। उनकी आगम निष्ठा



गहरी व दृढ थी। उनकी धर्मक्रांति तेरापंथ के रूप में विख्यात हुई। उन्होंने जीवन भर सत्य की खातिर संघर्ष व कष्ट झेले। मुनिश्री परमानंद ने कहा कि भिक्षु साधना के श्लाका पुरुष थे। मुनि कुणाल कुमार जी ने गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि श्री द्वारा नमस्कार महामंत्रोच्चार से हुआ। मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथी सभा, तेयुप, टी. पी. एफ. आदि संस्थाओं के सदस्यों के सामूहिक भिक्षु अष्टकम् के संगान से हुआ। इस अवसर पर कलकत्ता सभा अध्यक्ष अजय भंसाली, पूर्वांचल कलकत्ता सभा अध्यक्ष संजय सिंधी ने श्रद्धासिक्त विचारों की सारगर्भित अभिव्यक्ति दी। अहमदाबाद से प्रसारित आचार्यश्री महाश्रमण जी के लाइव प्रवचन का भी प्रसारण किया गया। अंत में विघ्नहरण मंगलकरण संगान के पश्चात् मंगलपाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ। मंत्री पंकज डोसी सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे।

## हावड़ा मंडल ने यूटीएस ऐप-एटीवीएम पर क्यूआर भुगतान सुविधा को दिया बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाते हुए यात्रियों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक टिकटिंग अनुभव देने की दिशा में अपनी पहल तेज कर दी है। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) पर यूपीआई-आधारित क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता




अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत मंगलवार को डानकुनी, मोगरा, जानिया रोड, बेगमपुर, खगड़ाघाट रोड, चंदननगर, मासाग्राम समेत कई स्टेशनों पर यात्रियों को डिजिटल भुगतान के विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई। रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को यह भी दिखाया कि किस तरह वे यूटीएस ऐप और एटीवीएम पर क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट खरीद सकते हैं। डिजिटल भुगतान की यह सुविधा यात्रा टिकटों के साथ-साथ प्लेटफॉर्म टिकटों के लिए भी उपलब्ध है। यह पहल नकदी रहित लेन-देन को बढ़ावा देती है और रेलवे के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और दक्षता के उद्देश्य को मजबूती देती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अदालत ने कानपुर सीएमओ के निलंबन पर रोक लगायी

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर हरिदत्त नेमी के निलंबन पर रोक लगा दी है। नेमी को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के साथ विवाद के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। अदालत द्वारा सोमवार को दिये गये आदेश के अनुसार अदालत ने राज्य सरकार को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की पीठ ने नेमी द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने पिछले माह 19 जून को पारित निलंबन आदेश को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता के वकील एल पी मिश्रा ने दलील दी कि सीएमओ नेमी को बिना किसी जांच के निलंबित कर दिया गया है। अदालत ने कहा, प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों में दम है और उन पर विचार करने की जरूरत है।

### उत्तर प्रदेश के देवरिया में फलस्तीन के झंडे वाली टी-शर्ट पहनने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**देवरिया (उप्र) :** देवरिया जिले में ताजिया जुलूस के दौरान कथित तौर पर फलस्तीन के झंडे वाली टी-शर्ट पहनने पर चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना रविवार को बघौचघाट थाना क्षेत्र की है जब जुलूस की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस तस्वीर में युवाओं के एक समूह को फलस्तीनी झंडे वाली टी-शर्ट पहने देखा जा सकता है। स्थानीय निवासियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इसमें शामिल युवकों को हिरासत में लिया और टी-शर्ट को जब्त कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार रेड्डी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी बघौचघाट थाना क्षेत्र के हैं। उन्होंने कहा, ''चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।''

### मुजफ्फरनगर में कार और ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में कार सवार पति-पत्नी और उनके तीन वर्षीय बेटे की मौत हो गयी तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरियाणा के गुरुग्राम निवासी सुमित (28), उनकी पत्नी पूजा (26) और उनका तीन वर्षीय बेटा निशांत तथा तीन अन्य लोग स्नान के लिये रविवार देर रात हरिद्वार जा रहे थे। रास्ते में मुजफ्फरनगर जिले के छपार इलाके में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी कार की एक ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना के कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों और नजदीक के टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने घटना के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को इसकी सूचना दी। कार में सवार लोगों में से सुमित, पूजा और उनके बेटे की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि हादसे में घायल तीन अन्य लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं। इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### सावन में फिर जोर पकड़ेगा राजस्थान में मानसून

**जयपुर :** राजस्थान में दक्षिण पश्चिम मानसून अभी एक दो दिन कमजोर रहेगा, लेकिन इसके सावन की शुरुआत में फिर जोर पकड़ने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार 10 जुलाई से राज्य के कई जिलों में फिर भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके अनुसार मंगलवार को भरतपुर, कोटा, जयपुर, उदयपुर व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने तथा शेष ज्यादातर स्थानों पर मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में 10 जुलाई से जबकि पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की पूरी उम्मीद है।

# मिट्टी में मिल गया छांगुर का अड्डा, 100 करोड़ के साम्राज्य पर चला बाबा का बुलडोजर



**बलरामपुर :** जिले के उतरौला इलाके में मंगलवार को छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस की टीम एक्शन में दिखी। अवैध रूप से धर्मांतरण के मामले में कार्रवाई करते हुए छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों की अवैध संपत्ति पर बाबा का बुलडोजर चला। बता दें कि छांगुर बाबा को एटीएस ने धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार किया है। छांगुर बाबा पर 100 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग और धर्मांतरण कराने का आरोप है। वहीं बलरामपुर में छांगुर बाबा के अड्डे पर एक्शन जारी है। इसमें छांगुर बाबा की सहयोगी नीतू रोहरा की बिल्डिंग का भी कुछ हिस्सा अवैध बताया जा रहा है, जिसपर कार्रवाई की जा रही है।

**खुद को पीर बताता था छांगुर बाबा**

वहीं मंगलवार को दिन भर छांगुर बाबा के ठिकाने पर बुलडोजर चला, जिसे फिलहाल बंद कर दिया गया है। अब बुधवार की सुबह 10 बजे से दोबारा बुलडोजर एक्शन शुरू होगा। जानकारी के मुताबिक उतरौला बाजार में छांगुर बाबा के दो शोरूम हैं। दोनों में रेडीमेड कपड़े और जूते बेचे जाते थे। छांगुर बाबा अपने को पीर बताता था। जिस बंगले पर बुलडोजर एक्शन किया गया है, उसमें करीब चालीस कमरे थे। इसके छत पर बड़ा सोलर पैनल लगा हुआ है। वहीं घर में मजार पर चढ़ाई जाने वाली चादर और कलावा भी पाया गया है।

**जलालुद्दीन की गतिविधियां न केवल समाज विरोधी हैं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी : आदित्यनाथ**

**अवैध धर्मांतरण के मामले में हुआ गिरफ्तार**

बता दें कि कि छांगुर बाबा और उसके अवैध धर्मांतरण का खुलासा होने के बाद अब पुलिस एक्शन में है। हाल में ही लखनऊ निवासी गुंजा गुप्ता को अबू अंसारी ने छद्म हिन्दू नाम अमित रखकर प्रेम जाल में फंसाया और छांगुर बाबा के पास दरगाह ले गया। यहां नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन आदि ने गुंजा गुप्ता का ब्रेनवाश करके खुशहाल जीवन का प्रलोभन देकर उसका धर्म परिवर्तन कराया और उसका नाम अलीना अंसारी रख दिया गया। इसके अलावा छांगुर बाबा ने धर्मांतरण कराने के लिए अलग-अलग रेट भी फिक्स किया था। इसमें हिन्दू धर्म की ब्राह्मण, सरदार या क्षत्रिय लड़की को इस्लाम स्वीकार कराने पर 15-16 लाख रुपये, पिछड़ी जाति की लड़की के लिये 10 से 12 लाख रुपये और अन्य जाति की लड़कियों को 8 से 10 लाख रुपये निर्धारित किए गए थे।

## पंजाब पुलिस ने बठिंडा में 40 किलोग्राम हेरोइन जब्त की, छह तस्कर गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बठिंडा में छह तस्करों के पास से 40 किलोग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया और इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप पाकिस्तान के आकाओं द्वारा पंजाब में तस्करी के लिए पहुंचाई गई थी। इससे पहले अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा स्थित उनके आका जोबन कलेर द्वारा संचालित किए जा रहे गिरोह का पर्दाफाश किया था। इसके बाद राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास नौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके पास पुलिस ने 60.302 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी। बठिंडा मामले में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि श्री मुक्तसर साहिब के मलोट निवासी लखवीर सिंह उर्फ लाखा (33), प्रभजोत सिंह (26), रणजोध सिंह (27), आकाश मरवाहा (21), रोहित कुमार (25) और गुरचरण सिंह उर्फ गुरी (27) को गिरफ्तार किया गया है।

## ज्ञानवापी मामला: वाराणसी की अदालत ने मुकदमा स्थानांतरण की याचिका खारिज की

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी की एक जिला अदालत ने दिवंगत हरिहर पांडे की बेटियों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें ज्ञानवापी से संबंधित 1991 के मूल मुकदमे को दीवानी न्यायाधीश की अदालत से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया। मामले के पक्षकार अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी ने बताया कि जिला न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी ने सोमवार को स्थानांतरण आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता मूल मुकदमे के पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उनके पास ऐसा आवेदन करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। रस्तोगी के अनुसार, दिवंगत हरिहर पांडे की बेटियों ने अपने वकील के माध्यम से दलील दी थी कि उन्हें दीवानी न्यायाधीश की त्वरित अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है, जहां यह मूल मुकदमा 1991 से लंबित है। इसी आधार पर उन्होंने मुकदमा किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। इसका जवाब देते हुए रस्तोगी ने तर्क दिया कि तीनों बहनें 1991 के मुकदमे में पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उनके पास स्थानांतरण याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, जिला न्यायाधीश ने याचिका को पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया। वर्ष 1991 का मूल मुकदमा काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर से जुड़े विवाद से संबंधित है।

## बर्ड फ्लू के कारण 56 दिन तक बंद रहे गोरखपुर, कानपुर चिड़ियाघर फिर खुले

**गोरखपुर/ कानपुर(उप्र) :** बर्ड फ्लू की आशंका के कारण 56 दिन तक बंद रहे गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान और कानपुर के कानपुर प्राणी उद्यान मंगलवार को फिर खुल गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस संक्रमण के कारण गोरखपुर में दो बाघ, एक तेंदुआ और एक सर्वल की मौत हो गई थी जबकि कानपुर में एक मोर एवं एक एशियाई शेर की जान चली गई थी। ''शक्ति'' नामक बाघिन में एवियन इन्फ्लूएंजा के एच5एन1 की पुष्टि होने और उसकी मौत के बाद 13 मई को दोनों चिड़ियाघरों को बंद कर दिया गया था। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की एक टीम ने गोरखपुर चिड़ियाघर का दौरा किया था और बत्तखों को वायरस का संभावित स्रोत बताया था। गोरखपुर चिड़ियाघर से एशियाई शेर को इलाज के लिए लाए जाने के बाद कानपुर चिड़ियाघर में भी 'इन्फ्लूएंजा' फैल गया। गोरखपुर के चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव ने कहा, ''प्रोटोकॉल के अनुसार, लगातार दो बार एक के बाद एक रिपोर्ट में संक्रमण नहीं होने की पुष्टि के बाद चिड़ियाघर को खोलने की अनुमति दी गई है। जनता और जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।''



## देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयान पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक छह जुलाई को पुलिस को 'एक्स' पर शिकायत मिली थी कि घोरावल थाने के अंतर्गत पिपरवार गांव निवासी रविशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये एक वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। बयान में कहा गया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा), 353 (2) (सार्वजनिक शरारत के लिए बयान) के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## झारखंड : स्कूल के शिक्षक ने नौ वर्षीय छात्रा से किया बलात्कार, तीन गिरफ्तार

**सिमडेगा :** झारखंड के सिमडेगा जिले में नौ वर्षीय एक लड़की के साथ उसके स्कूल के शिक्षक ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकरी दी। सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहम्मद अर्शी ने बताया कि इस कृत्य में शामिल आरोपी और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी सरकारी स्कूल में शिक्षक है। एसपी ने बताया कि लड़की की मां द्वारा कुरडेग पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। मां ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी के साथ उसके स्कूल के शिक्षक ने बलात्कार किया है। उन्होंने बताया कि यह घटना गांव के कुरडेग थाना क्षेत्र में 27 जून को हुई। अर्शी ने कहा कि घटना के बाद फरार हुए शिक्षक ने स्थानीय पंचायत के माध्यम से परिवार को प्राथमिकी दर्ज कराने से रोकने की भी कोशिश की। एसपी ने कहा, आरोपी शिक्षक के अलावा हमने घटना को छिपाने के लिए ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने वाले दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। जब पीड़िता के परिवार को कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा पुलिस थाना जाने से रोके जाने की घटना हमारे संज्ञान में आई तो हमारे कर्मियों ने परिवार को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज



**गाजियाबाद :** गाजियाबाद जिले की पुलिस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक महिला ने 21 जून को एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी जिसमें आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने उसका यौन शोषण किया। महिला का दावा है कि वह पिछले पांच वर्षों से यश दयाल के साथ रिश्ते में थी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद 24 जून को महिला ने इसे 'एक्स' पर साझा किया जो वायरल हो गया। इसके बाद वह 27 जून को पुलिस से मिली और लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसमें उसने आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया है। उसने अपनी शिकायत की सत्यता की पुष्टि के लिए मोबाइल कॉल, चैट, स्क्रीन शॉट, वीडियो कॉल जैसे सबूत पेश किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दयाल के खिलाफ इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रविवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 (शादी का झूठा वादा कर या धोखे से यौन संबंध बनाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस क्रिकेटर और शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करेगी। ट्रांस हिंडन के पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल ने बताया कि सभी तथ्यों का अवलोकन करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## झारखंड में एक हथिनी के प्रसव के लिए मालगाड़ी थोड़ी देर के लिए रोक दी गयी

**रामगढ़ (झारखंड) :** रेलवे और झारखंड वन विभाग ने संकट में फंसी एक गर्भवती हथिनी की सुरक्षा के लिए एक साथ मिलकर काम किया और घने जंगल से होकर गुजरने वाली एक रेल लाइन पर उसके बच्चे का सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए चलती मालगाड़ी को रोक दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना पूर्व मध्य रेलवे में रांची-कोडरमा मार्ग पर बरकाकाना और हजारीबाग स्टेशनों के बीच सरवाहा गांव के पास घटी - यह वह मार्ग है जिसे सक्रिय हाथी गलियारे का हिस्सा माना जाता है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित होने के बाद यह घटना सामने आयी जो 25 जून को हुई थी। रामगढ़ के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नीतीश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमारे वन रक्षक ने मुझे तड़के तीन बजे सूचना दी कि एक गर्भवती हथिनी संकट में है और उसे प्रसव पीड़ा हो रही है। रक्षक ने कहा कि अगर ट्रेनों की आवाजाही नहीं रोकी गई तो हाथी के कुचले जाने की आशंका है।'' कुमार ने बताया कि उन्होंने तुरंत बरकाकाना में रेलवे नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया और निर्देश दिया कि जब तक हथिनी बच्चे को जन्म नहीं दे देती, तब तक ट्रेनों की आवाजाही रोक दी जाए। कुछ ही देर बाद, एक मालगाड़ी रोक दी गई और हथिनी ने पटरियों पर बच्चे को जन्म दिया। वायरल वीडियो में मां और नवजात बच्चे पटरी पर दिख रहे हैं।

## बिहार में ग्रामीणों ने महिला को पति के भतीजे से शादी करने के लिए 'मजबूर' किया

**सुपौल :** बिहार के एक दूरदराज इलाके में ग्रामीणों ने एक महिला और उसके पति के भतीजे के बीच अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए दोनों की पिटायी कर दी। साथ ही ग्रामीणों ने युवक को महिला की मांग में जबरन सिंदूर भरकर शादी के लिए मजबूर किया। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने दी। यह घटना पिछले सप्ताह सुपौल जिले में घटी थी, जिसका वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आया है और दोनों को उपचार के लिए पड़ोसी नेपाल के विराटनगर भेजा गया है। भीमपुर थाने के प्रभारी मिथिलेश पांडेय ने कहा, ''भीमपुर थाना क्षेत्र में 4 जुलाई को हुए हमले में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।''

## जादू-टोना के संदेह में पांच लोगों की हत्या में शामिल फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए एसआईटी गठित



**पूर्णिया :** बिहार के पूर्णिया जिले में कथित तौर पर जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की नृशंस हत्या में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पूर्णिया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टेटमा इलाके में जादू-टोना करने के संदेह में तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की रविवार रात को कथित तौर पर हत्या कर दी गई और उनके शव जला दिये गये। पूर्णिया पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, ''फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए एसआईटी गठित की गई है। तेईस नामजद आरोपियों समेत 25 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।'' इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें छोटू उरांव, मोहम्मद सनाउल और नकुल उरांव शामिल हैं। गृह विभाग ने पुलिस और प्रशासन से सात दिन के भीतर घटना की विस्तृत जांच रिपोर्ट भी मांगी है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि टेटमा गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की पहले जादू-टोना करने के शक में हत्या की गई। ऐसा लगता है कि आरोपियों ने फिर उनके शवों को झाड़ियों में जला दिया। जांच से यह भी पता चला है कि सीता देवी, काली, रानी देवी, बाबू लाल और मंजीत राम की हत्या के दौरान वहां 100 से अधिक ग्रामीण मौजूद थे।

## बलिया में महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरि पर हमला करने के आरोप में 113 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी



**बलिया (उप्र) :** बलिया में श्रीनाथ बाबा मठ के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी पर हमला करने के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल सहित कुल 113 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में एक पत्रकार सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रसड़ा कस्बे का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी व उनके समर्थक और जायसवाल व उनके समर्थक कथित तौर पर आपस में मारपीट करते दिख रहे हैं। रसड़ा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी की तहरीर पर सोमवार रात बसपा नेता विनय जायसवाल, पत्रकार शिवा जी बागले सहित 13 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, महंत कौशलेंद्र गिरी मठ में सोमवार को श्रावण माह के अनुष्ठान की तैयारी कर रहे थे, तभी कुछ लोग मठ में घुस आए और नारेबाजी शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो विनय जायसवाल ने कथित रूप से ललकारते हुए कहा कि ''महंत को जान से मार डालो''। इसमें कहा गया कि सके बाद उन पर हमला किया गया और मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। वहीं, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल ने मीडिया से कहा कि वह रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने गए थे, जो कि रामलीला कमेटी के अनुरोध पर किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां महंत कौशलेंद्र गिरी ने उनके साथ मारपीट और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें महंत से जानमाल का खतरा है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि मामला पारंपरिक रामलीला समिति और मठ परिसर से जुड़े विवाद से संबद्ध है।

## नीतीश ने राज्य की युवा आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बिहार युवा आयोग की घोषणा की



**पटना :** नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार युवा आयोग गठित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे ''राज्य में रोजगार के अवसरों की कमी'' के आरोपों के बीच, विधानसभा चुनाव से कुछ महीनों पहले यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया, ''मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा उन्हें सशक्त एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।'' उन्होंने कहा, ''यह आयोग समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ समन्वय भी करेगा।'' कुमार ने कहा कि इस ''दूरदर्शी पहल'' का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, कुशल और रोजगारपरक बनाना है ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने बताया कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे जिनकी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी। उन्होंने बताया कि, यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा और सुनिश्चित करेगा कि राज्य के युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगार में प्राथमिकता दी जाए, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन और कार्य करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा की जाएगी।

## बिहार पुलिस का दावा: गोपाल खेमका की हत्या के पीछे जमीन सौदा



**पटना :** बिहार पुलिस ने मंगलवार को गोपाल खेमका हत्याकांड में सफलता हासिल करने का दावा किया और कहा कि व्यवसायी की हत्या का कारण एक भूमि सौदा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शनिवार रात को खेमका के आवास के बाहर उन पर गोली चलाने के लिए इस्तेमाल आग्नेयास्त्र कथित शूटर के ठिकाने से बरामद कर लिया गया है। डीजीपी ने कहा, जैसा कि पहले बताया गया है, कल बंदूकधारी उमेश यादव को गिरफ्तार किया गया, साथ ही अजय साव को भी गिरफ्तार किया गया, जिसे खेमका की हत्या के लिए 50,000 रुपये की अग्रिम राशि दी गई थी। डीजीपी ने कहा, हमने खेमका पर गोली चलाने में इस्तेमाल किया गया आग्नेयास्त्र बरामद कर लिया है। इसके अलावा यादव के घर से बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं। बताया जाता है कि साव प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़ा है और प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उसने जमीन के सौदे के चलते ही हत्यारे को सुपारी दी थी।'' हालांकि, उन्होंने कोई और ब्योरा नहीं दिया और कहा कि जांच अभी जारी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''हम जांच कर रहे हैं कि क्या खेमका की हत्या और आठ साल पहले उनके दो बेटों पर हुए जानलेवा हमले के बीच कोई जुड़ाव है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र में 2025 के पहले चार महीनों में 153 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किये गए : फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा को बताया कि जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच राज्य भर में 153.25 करोड़ रुपये मूल्य का 28,302 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने स्वीकार किया कि राज्य में गुटखा और विभिन्न तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध के बावजूद, इन्हें सड़क किनारे दुकानों पर बेचा जाना जारी है। राज्य विधानमंडल के निचले सदन में काशीनाथ दाते (राकांपा) और अन्य द्वारा इस मुद्दे पर पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में फडणवीस ने कहा कि इस अवधि के दौरान स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 5,001 मामले दर्ज किए गए हैं और 4,481 लोगों को मादक पदार्थ की तस्करी, उसे रखने और सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक गुटखा या अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री, रखने और उपभोग के संबंध में 37,149 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### केरल: 9,531 करोड़ रुपये के नुकसान के मामले में मालवाहक जहाज की सशर्त जब्ती का आदेश

**कोच्चि :** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को विड़िणगम बंदरगाह पर खड़े एक मालवाहक जहाज को सशर्त जब्त करने का आदेश दिया। यह आदेश गंभीर जहाज दुर्घटना और पर्यावरणीय क्षति को लेकर केरल राज्य द्वारा दायर 9,531 करोड़ रुपये के मुआवजे के मामले में दिया गया है। एमएससी अकीटेटा 2 (आईएमओ 9220847) नामक जहाज को जब्त करने का आदेश तब दिया गया जब राज्य ने एक अन्य जहाज के मालिकों और प्रबंधकों पर आरोप लगाया कि वे केरल तट पर गंभीर प्रदूषण फैला रहे हैं। यह जहाज भी उसी कंपनी एमएससी ईएलएसए 3 (आईएमओ 9123221) का प्रतीत होता है।

### एआई विमान दुर्घटना : अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने व्यक्तियों के शरीर के अंगों का अंतिम संस्कार किया

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए 19 व्यक्तियों के शरीर के अंगों का अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने अंतिम संस्कार किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस भीषण दुर्घटना में 260 लोग मारे गए हैं और ये मृतकों के शरीर के अंग हैं। इसने बताया कि मृतकों के परिजनों को शव सौंपे जाने के बाद उक्त लोगों के शरीर के अंग दुर्घटना स्थल से बरामद किए गए थे। अधिकारियों ने घोषणा की थी कि आखिरी मृतक के शरीर के अंगों को 27 जून को उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। अस्पताल ने मृतकों के परिजनों को उनके शरीर के अंगों को सौंपते हुए कहा था कि विमान दुर्घटना की भयावह प्रकृति को देखते हुए दुर्घटना स्थल से बाद में और अधिक शवों के टुकड़े मिलने की संभावना है।

### औषधि विनियामक ने 17 दवाओं की सूची बनाई, जिन्हें समापन अवधि पूरी होने पर शौचालय में बहा देना चाहिए

**नयी दिल्ली :** शीर्ष औषधि नियामक संस्था सीडीएससीओ ने 17 दवाओं की सूची बनाई है जिन्हें समापन तिथि पूरी होने या इस्तेमाल न किए जाने पर कूड़ेदान में फेंकने के बजाय शौचालय में बहा देना चाहिए ताकि घर में लोगों और पालतू जानवरों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने कहा कि इन दवाओं में ट्रामाडोल, टैपेंटाडोल, डायजेपाम, ऑक्सीकोडोन और फेंटेनाइल शामिल हैं जो विशेष रूप से हानिकारक हो सकती हैं और कुछ मामलों में यदि इनका उपयोग संबंधित रोगी की जगह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कर लिया जाता है तो केवल एक खुराक से ही काफी घातक हो सकती है। इनमें से अधिकतर दवाइयों का उपयोग दर्द, चिंता और अन्य स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।

# दिल्ली प्रशासन ने 1034 किलोमीटर सड़कों, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रशासन ने इस वर्ष के पहले पांच महीनों में यहां 1,034.37 किलोमीटर सड़कों, सर्विस लेन और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया है और काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों पर अपना नियंत्रण पुन: कायम कर लिया है। यह कार्रवाई विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की देखरेख में की गई। विशेष कार्यबल का गठन 2018 में सार्वजनिक और निजी दोनों भूमि पर अतिक्रमण एवं अनधिकृत निर्माण से निपटने के लिए किया गया था। 'पीटीआई-भाषा' को मिली नवीनतम एसटीएफ रिपोर्ट के अनुसार, मई 2025 के अंत तक, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 584 किलोमीटर सड़कों को अतिक्रमण से




मुक्त कराया जबकि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 390.61 किलोमीटर सड़कों को अतिक्रमण से निजात दिलायी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इस वर्ष 59.56 किलोमीटर सड़कों से अतिक्रमण हटाया है। दिल्ली में, एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में 15,582 किलोमीटर सड़कें हैं। ये 60 फुट या उससे कम चौड़ी सड़कें हैं। पीडब्ल्यूडी 1400 किलोमीटर सड़कों का प्रबंधन करता है, जिनकी चौड़ाई 60 फुट या उससे ज़्यादा है। ये शहर में दो प्रमुख सड़क स्वामित्व एजेंसियां हैं। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, एसटीएफ की स्थापना के बाद से 31 मई तक इसे कई शहरी स्थानीय निकायों से कुल 208,696 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 193,740 पर कार्रवाई की गई, जबकि 14,956 शिकायतें लंबित हैं। एसटीएफ ने सिफारिश की है कि भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसियां कब्जायी गई सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उसने कहा, ''सभी एजेंसियों में, दिल्ली नगर निगम (उत्तर) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में सबसे अधिक क्रमशः 5,282 और 1,977 लंबित मामले हैं।''

### आंबेडकर चाहते थे कि न्यायपालिका कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त हो: प्रधान न्यायाधीश गवई

**मुंबई :** प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने मंगलवार को यहां कहा कि डॉ. बी आर आंबेडकर ने संविधान की सर्वोच्चता की बात की थी और उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। वह शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने पर महाराष्ट्र विधानमंडल द्वारा अपना अभिनंदन किए जाने के बाद बोल रहे थे। न्यायमूर्ति गवई ने विधानमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कहा था, ''हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संविधान तीनों अंगों - कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है तथा आंबेडकर के अनुसार न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना है।

## वायुसेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख ने संयुक्त अभियानों के संचालन पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया




**नयी दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को संयुक्त अभियानों के संचालन पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के अपने संकल्प की पुष्टि की। यहां साउथ ब्लॉक में आयोजित बातचीत के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी मौजूद थे। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संबोधन में भविष्य के युद्ध परिदृश्यों में एकीकृत समुद्री और हवाई युद्ध पर भी जोर दिया गया। इसने कहा, ''एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, सीएनएस और एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह, सीएएस ने संयुक्त अभियानों के संचालन पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के प्रति अपने संकल्प की पुष्टि की।'' सेना ने सोशल मीडिया पर बातचीत की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। इस अवसर पर विभिन्न सैन्य कमांडर और कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उप-स्थित थे। सेना ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''संबोधन में संयुक्त अभियान योजना पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें भविष्य के युद्ध परिदृश्यों में एकीकृत समुद्री और हवाई युद्ध पर जोर दिया गया।''

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का जोधपुर में निधन



**जयपुर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार को एम्स-जोधपुर में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार शाम को जोधपुर में किया गया। पिछले कुछ दिनों से दाऊलाल वैष्णव गंभीर रूप से बीमार थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-जोधपुर में उनका इलाज चल रहा था। अस्प-ताल ने एक आधिकारिक बयान में कहा गया, बहुत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि रेलमंत्री के पिता, दाऊलाल वैष्णव का आठ जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजकर 52 मिनट पर एम्स-जोधपुर में निधन हो गया। अस्पताल प्रशासन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। दाऊलाल वैष्णव के पार्थिव शरीर को जोधपुर के महावीर नगर, रातानाडा स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पाली से सांसद पीपी चौधरी, राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत व कई अन्य जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। उनका अंतिम संस्कार नागौरी गेट के पास कागा श्मशान घाट पर किया गया जहां अश्विनी वैष्णव और उनके भाई आनंद वैष्णव ने चिता को मुखाग्नि दी।

## टमाटर कीमतों में उछाल से जून में महंगी हुई शाकाहारी, मांसाहारी थाली

**मुंबई :** टमाटर के महंगा होने से जून में घर का बना खाना या थाली की कीमत पिछले महीने की तुलना में बढ़ गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत मई में 26.2 रुपये की तुलना में जून में तीन प्रतिशत बढ़कर 27.1 रुपये हो गई, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत मई में 52.6 रुपये की तुलना में जून में चार प्रतिशत बढ़कर 54.8 रुपये प्रति थाली हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की मासिक 'रोटी, चावल, दर' रिपोर्ट में बताया गया है कि आवक में आठ प्रतिशत की गिरावट के कारण इस महीने टमाटर की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे थाली की कीमत बढ़



गई। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को आलू की कीमत में चार प्रतिशत की वृद्धि का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मांसाहारी थाली के मामले में ब्रॉयलर की कीमतों में पांच प्रतिशत की वृद्धि से भी नुकसान हुआ है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थाली की लागत क्रमिक रूप से बढ़ेगी। प्याज के मामले में, ताजा आवक के अभाव और रबी स्टॉक को नियंत्रित ढंग से बाजार में जारी किये जाने के कारण कीमतों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है, जबकि टमाटर की गर्मियों में कमजोर बुवाई के कारण कीमतों में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर तुलना करने पर शाकाहारी भोजन की कीमतों में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। मांसाहारी भोजन में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह काफी हद तक जून, 2024 के उच्च आधार स्तर के कारण है।


## सिक्किम में सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए 'स्तनपान पॉड', महिलाओं के लिए बड़ी राहत




**गंगटोक :** सिक्किम में राज्य सरकार की एक पहल से बड़ी संख्या में महिलाओं को राहत मिली हैं क्योंकि वे अब भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर एक साफ-सुथरी, सुरक्षित और निजी जगह में अपने बच्चों को स्तनपान करा पा रही हैं। राज्य के महिला, बाल, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग कल्याण एवं विकास विभाग ने इस हिमालयी राज्य के कुल छह जिलों में से पांच जिलों के बड़े बाजारों में छह 'स्तनपान पॉड' स्थापित किए हैं और छठे जिले में भी इसी तरह की सुविधाएं स्थापित करने की योजना है। इसके अलावा, एक अन्य 'पॉड' राजधानी गंगटोक में जिला प्रशासन द्वारा संचालित किया जा रहा है। विभाग द्वारा स्थापित नवीनतम 'स्तनपान पॉड' का उद्घाटन तीन जुलाई को पाक्योंग जिले के पाक्योंग बाजार में किया गया। इस अवसर पर कई महिलाएं भी मौजूद थीं जो इस सुविधा को देखने आई थीं। विभाग की संयुक्त निदेशक पेमा ल्हामू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''अब ये 'पॉड' गंगटोक, मंगन, नामची, सोरेंग, रंगपो और पाक्योंग शहरों में कार्यरत हैं। हम ग्यालशिंग जिले के मुख्यालय में भी एक और 'स्तनपान पॉड' स्थापित करेंगे।''

## एनएचएसआरसीएल ने गुजरात में दमन गंगा नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा होने की घोषणा की

**पालघर :** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनए-चएसआरसीएल) ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत गुजरात के वलसाड जिले में दमन गंगा नदी पर एक पुल का निर्माण पूरा होने की मंगलवार को घोषणा की। यह परियोजना के अंतर्गत पूरा होने वाला 16वां नदी पुल है, जबकि गुजरात में कुल 21 पुल बनाने की योजना है। दमन गंगा नदी पुल के पूरा होने के साथ ही मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना के लिए वलसाड जिले में सभी पांच नदी पुलों का निर्माण पूरा हो गया है। पूरे कॉरिडोर में 25 नदी पुलों का निर्माण किया जा रहा है।



एनएचएसआरसीएल ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि दमन गंगा नदी पर बना नवनिर्मित पुल 360 मीटर लंबा है और इसमें नौ फुल-स्पैन गर्डर हैं। यह पुल बुलेट ट्रेन के प्रस्तावित बोइसर और वापी स्टेशन के बीच स्थित है। इन दो स्टेशन के बीच दरोथा नदी पर एक और पुल पहले ही बनकर तैयार हो चुका है। वलसाड में अन्य पूर्ण हो चुके नदी पुलों में औरंगा (320 मीटर), पार (320 मीटर), कोलक (160 मीटर) और दरोथा (80 मीटर) शामिल हैं। दमन गंगा नदी का उद्गम महाराष्ट्र के नासिक जिले के वालवेरी गांव के पास स्थित सह्याद्रि की पहाड़ियों से होता है। यह नदी लगभग 131 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए महाराष्ट्र, दादरा और नागर हवेली, तथा दमन से होकर बहती है और अंत में अरब सागर में मिल जाती है। वापी, दादरा और सिलवासा जैसे औद्योगिक नगर इसी नदी के किनारे बसे हुए हैं।

## अमरनाथ यात्रा : पहले छह दिन में एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि पहले छह दिन में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन किए हैं। अनंतनाग जिले के 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर छोटे लेकिन दुर्गम बालटाल मार्ग से तीन जुलाई को 38 दिवसीय अमरनाथ यात्रा शुरू हुई थी। सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आस्था की यात्रा, पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के पहले छह दिन में श्रद्धालुओं की संख्या एक लाख से पार हो गई है।'' उन्होंने कहा कि पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है तथा आने वाले दिनों में और अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित भगवान शिव के गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा नौ अगस्त को संपन्न होगी।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया नया बंधन मल्टी-फैक्टर फंड10 जुलाई से खुलेगा नया फंड ऑफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड ने एक नया ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम बंधन मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड एक क्वांटिटेटिव मॉडल पर आधारित है जो निवेशकों को बेहतर और विविध पोर्टफोलियो देने के लिए चार महत्वपूर्ण निवेश कारकों - गति , मूल्य , गुणवत्ता और कम अस्थिरता - को एक साथ मिलाकर काम करता है। यह नया फंड ऑफर 10 जुलाई 2025 को खुलेगा और 24 जुलाई 2025 को बंद होगा। निवेशक इसमें लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे वेबसाइट से निवेश कर सकते हैं।बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा, बाजार तेजी से बदल रहे हैं, इसलिए निवेशकों को ऐसी रणनीतियों की जरूरत है जो समय के साथ बदलते हालात में भी टिकाऊ रहें। मल्टी-फैक्टर निवेश ऐसे समय में उपयोगी है जब एक ही निवेश स्टाइल हर समय अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता। इस फंड का पोर्टफोलियो भारत की टॉप 250 बड़ी और मिड-कैप कंपनियों में से चुने गए 50-65 शेयरों से बनाया जाएगा। हर स्टॉक को चार फैक्टर पर स्कोर किया जाएगा और फिर एक मजबूत और संतुलित पोर्टफोलियो तैयार किया जाएगा।यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो परंपरागत निवेश तरीकों से हटकर, डेटा-आधारित और लंबी अवधि के इक्विटी निवेश की रणनीति अपनाना चाहते हैं।

## असम में बाढ़ से 6 जिलों में 32,000 लोग प्रभावित, मृतक संख्या 29 हुई



**गुवाहाटी :** असम के छह जिलों में 32,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मंगलवार को एक और व्यक्ति की मौत के साथ राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि गोलाघाट जिले के मोरोंगी राजस्व सर्कल से मौत की सूचना मिली है। इसमें कहा गया है कि नवीनतम मौतों के साथ इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 29 हो गई है, जिनमें मिट्टी धंसने से मरने वालों की संख्या छह है। बुलेटिन में कहा गया है कि गोलाघाट जिले में दो स्थानों पर धनसिरी नदी खतरे के स्तर से ऊपर बह रही है।

## चार नदियों में भीषण बाढ़ की स्थिति, 11 नदियां चेतावनी स्तर से ऊपर बह रहीं : सीडब्ल्यूसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने मंगलवार को अपने दैनिक बुलेटिन में बताया कि असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चार नदियों में भीषण बाढ़ आ गयी है, जबकि 11 अन्य नदियां चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं। बुलेटिन के अनुसार, किसी भी नदी ने पिछले उच्चतम बाढ़ स्तर को पार नहीं किया है, जबकि असम के गोलाघाट जिले में धनसिरी (दक्षिण) और नुमालीगढ़ में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी मंडला में 437.67 मीटर की ऊंचाई पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी, हालांकि जल स्तर में कमी देखी गयी है। वहीं, महाराष्ट्र के भंडारा में



वैनगंगा नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। इनके अलावा, असम, बिहार, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में 11 नदियां ''सामान्य से ऊपर'' श्रेणी में दर्ज की गयी हैं, जहां जल स्तर चेतावनी स्तर को पार कर चुका है लेकिन खतरे के स्तर से नीचे बना हुआ है। इनमें असम की कई नदियां शामिल हैं, जैसे नेमाटीघाट और तेजपुर में ब्रह्मपुत्र नदी, शिवस-ागर में दीखो नदी और करीमगंज में कुशियारा नदी, जहां जल स्तर में गिरावट या स्थिरता देखी गई। यह संकेत देता है कि बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में एल्गिनब्रिज पर घाघरा नदी, बिहार के डुमरिया घाट पर गंडक नदी, और ओडिशा में बैतरणी तथा जलका नदियां भी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं, हालांकि इनके जल बहाव में भिन्नता देखी गई है। इस बीच, सीडब्ल्यूसी ने 35 बांधों और बैराज के लिए जलप्रवाह पूर्वानुमान जारी किए हैं, जहां पानी का बहाव खतरे की सीमा से ऊपर पहुंच गया है।

## 'नो पाम ऑयल' लेबल सिर्फ एक मार्केटिंग चाल: आईएफबीए

### पाम ऑयल सेहत के लिए फायदेमंद, भ्रम न फैलाएं कंपनियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंड फूड एंड बेवरेज एसोसिएशन (आईएफबीए) ने 'नो पाम ऑयल' लेबल पर नाराजगी जताई है और इसे एक मार्केटिंग नौटंकी बताया है, न कि सेहत से जुड़ा तथ्य। आईएफबीए का कहना है कि कुछ कंपनियां पाम ऑयल को अस्वस्थ बताकर लोगों में डर फैलाकर अपने प्रोडक्ट्स बेच रही हैं, जबकि पाम ऑयल सस्ता, टिकाऊ और पोषक तत्वों से भरपूर है। आईएफबीए के चेयरमैन दीपक जॉली ने कहा कि पाम ऑयल संतुलित आहार का हिस्सा हो सकता है और इस पर नो पाम ऑयल जैसे लेबल लोगों को गुमराह करते हैं। आईएफबीए की डायरेक्टर शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि आईसीएमआर की गाइडलाइंस में भी पाम ऑयल को सुरक्षित और लाभकारी बताया गया है। इसमें विटामिन ई , एंटीऑक्सीडेंट और फैटी एसिड्स होते हैं जो दिल, दिमाग और त्वचा के लिए फायदेमंद हैं। सरकार भी पाम ऑयल उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। एनएमईओ-ओपी योजना के तहत 11,040 करोड़ के बजट से तेलंगाना जैसे राज्यों में खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और रोजगार के नए अवसर भी बने हैं। आईएफबीए ने जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया ट्रेंड्स के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों पर भरोसा करें और पाम ऑयल को लेकर फैलाई जा रही गलतफहमियों से बचें।

# कक्षा छह में केवल 53 फीसदी विद्यार्थी 10 तक का पहाड़ा जानते हैं: शिक्षा मंत्रालय का सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय के सर्वेक्षण से पता चला है कि कक्षा तीन के केवल 55 प्रतिशत छात्र 99 तक की संख्याओं को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं, जबकि कक्षा छह के केवल 53 प्रतिशत छात्र 10 तक का पहाड़ा जानते हैं। समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण (परख) राष्ट्रीय सर्वेक्षण, जिसे पहले राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) के रूप में जाना जाता था, पिछले साल चार दिसंबर को आयोजित किया गया था। इस सर्वेक्षण में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 781 जिलों के 74,229 स्कूलों में कक्षा तीन, छह और नौ के सरकारी और निजी



दोनों स्कूलों के 21,15,022 छात्रों को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण में कहा गया कि तीनों कक्षाओं के 1,15,022 बच्चों का मूल्यांकन किया गया और 2,70,424 शिक्षकों और स्कूल का नेतृत्व करने वालों ने प्रश्नावली के माध्यम से जवाब दिया। रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा तीन के केवल 55 प्रतिशत विद्यार्थी ही 99 तक की संख्याओं को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं, जबकि 58 प्रतिशत विद्यार्थी दो अंकों की संख्याओं का जोड़ और घटाव कर सकते हैं। कक्षा छह में केवल 53 प्रतिशत छात्र अंकगणितीय संक्रियाओं और उनके बीच संबंधों को समझ और देख सकते हैं, कम से कम 10 तक जोड़ और गुणन की सारणी जानते हैं और दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए पूर्ण संख्याओं पर चार बुनियादी संक्रियाएं लागू करते हैं। कक्षा छह में भाषा और गणित के साथ-साथ एक अतिरिक्त विषय 'हमारे आस-पास की दुनिया' शुरू किया गया था, जिसमें पर्यावरण और समाज शामिल है। छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर गणित में सबसे कम अंक (46 प्रतिशत) प्राप्त किए, जबकि भाषा में औसतन 57 प्रतिशत और हमारे आस-पास की दुनिया में 49 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, ऐसे उदाहरण जहां 50 प्रतिशत से कम छात्र सही उत्तर देने में सक्षम थे, सीखने की प्रक्रिया में बाधा को दर्शाते हैं। कक्षा नौ में केंद्र सरकार के स्कूलों के छात्रों ने सभी विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, भाषा में स्पष्ट बढ़त हासिल की। निजी स्कूलों ने विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन गणित में कम अंक प्राप्त किए। राज्य सरकार और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों में भी इसी तरह के परिणाम दर्ज किये गए।

### नेशनल हेराल्ड मामला: ईडी ने आरोपियों की दलीलों का विरोध किया


**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों की दलीलों का विरोध किया। आरोपियों ने अपनी दलीलें पूरी कर लीं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस.वी. राजू ने तर्क दिया कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन के बीच हुआ लेन-देन एक दिखावा था। संघीय एजेंसी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ ही सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश और धन शोधन का आरोप लगाया है।

## अमेरिका में कार दुर्घटना में हैदराबाद के एक परिवार के चार लोगों की मौत



**हैदराबाद :** हैदराबाद के एक ही परिवार के चार सदस्यों की अमेरिका के अलबामा के ग्रीन काउंटी में कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनके रिश्तेदारों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। मृतकों में दंपति और उनके दो बच्चे शामिल हैं। मृतकों के एक रिश्तेदार ने एक टीवी चैनल को बताया कि शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) को गलत दिशा में तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। उनके मुताबिक, हादसे के वक्त परिवार अटलांटा में अपने एक रिश्तेदार से मिलने के बाद डलास लौट रहा था। उन्होंने कहा, मेरे भाई की बेटी, दामाद और उनके दो बच्चे पिछले तीन वर्ष से डलास में रह रहे थे। मीडिया में आई खबर के अनुसार, पीड़ितों की पहचान बी श्रीवेंकट, उनकी पत्नी तेजस्विनी और उनके दो बच्चों के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में कार पूरी तरह जल गई और परिवार की जलकर मौत हो गई। पीड़ितों के रिश्तेदार ने कहा, स्थानीय पुलिस द्वारा हमारे रिश्तेदारों को दी गई सूचना के अनुसार, कुछ अधजले प्रमाण-पत्र मिले हैं, जिनके माध्यम से उनकी (परिवार की) पहचान की जा रही है। हमें बताया गया है कि उनके दांत और हड्डियों को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट 48-72 घंटों में आने का अनुमान है।

## टेनिस खिलाड़ी भारत - पाकिस्तान मैच जैसे दबाव का अकसर सामना करते हैं: कोहली

**लंदन :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह जिस तरह की दबाव का का सामना करते हैं, उसकी तुलना क्रिकेट में केवल विश्व कप के नॉकआउट और भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से की जा सकती है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके कोहली ने सोमवार को अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विंबलडन का मैच देखने के बाद यह तुलना की। वह दिन के कार्यक्रम के दौरान टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज के साथ बातचीत कर रहे थे।कोहली पिछले कुछ समय से क्रिकेट से दूर रहने के दौरान लंदन में ही रहते हैं। उन्होंने 'स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित साक्षात्कार में कहा, 'मुझे लगता दोनों खेलों में यह अनुभवी (दबाव की स्थितियों में) एक जैसा हो सकता है। हम इस तरह के दबाव (टेनिस खिलाड़ियों के जैसा) का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते है।' उन्होंने कहा, 'ये खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक बहुत अधिक दबाव का सामना करते है। मैं टेनिस खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करता हूं, क्योंकि वे धैर्य के साथ खेलते हैं और अपनी फिटनेस और मानसिक मजबूती को बनाए रखते हैं।' क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक कोहली ने हाल ही में लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास ले लिया है। उन्होंने 123 मैचों में 9230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। कोहली ने कहा कि मैच के लगातार बदलते स्वरूप के कारण क्रिकेटरों को मैदान पर अपनी-अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'अलग-अलग खेलों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं। क्रिकेट में एक चुनौती यह है कि आपको लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

## पहली बार आईपीएल खिताब जीतकर सबसे कीमती आईपीएल फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी

**मुंबई :** आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक व्यवसाय के रूप में आईपीएल का मूल्य 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18 अरब 50 करोड़ डॉलर हो गया है। अंबानी परिवार द्वारा संचालित मुंबई इंडियन्स का मूल्यांकन 24 करोड़ 20 लाख डॉलर तक बढ़ गया है जिससे यह दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बन गई है। निराशाजनक सत्र के बाद इंडिया सीमेंट्स के एन श्रीनिवासन के स्वामित्व वाला सीएसके एक साल पहले के शीर्ष स्थान से 2025 में तीसरे नंबर पर खिसक गया।

# अब भी मेरा लक्ष्य 90 किग्रा वजन उठाना, स्नैच की तकनीक में बदलाव किया: मीराबाई चानू

**मोदीनगर :** मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में लगभग हर उपलब्धि हासिल की है लेकिन तोक्यो ओलंपिक की यह रजत पदक विजेता अब भी स्नैच में 90 किग्रा वजन उठाने के अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई है। चोटों ने उनके पिछले ओलंपिक चक्र को बाधित किया था और इस पूर्व विश्व चैंपियन ने पेरिस ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रहने के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है। हालांकि तकनीक में हाल ही में किए गए बदलाव ने लक्ष्य को हासिल करने के उनके भरोसे को फिर जगा दिया है। अस्मिता भारोत्तोलन लीग के उद्घाटन के इतर पीटीआई द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में चानू ने कहा, 'मेरा लक्ष्य अब भी 90 किग्रा है। मैं



(2026) एशियाई खेलों में पूरी ताकत से प्रतिस्पर्धा करूंगी।' मणिपुर की इस खिलाड़ी ने 2019 से 90 किग्रा को लक्ष्य बनाया है लेकिन ट्रेनिंग के दौरान इस बाधा को पार करने के बावजूद वह प्रतियोगिता में उस सफलता को दोहराने में नाकाम रहीं हैं। चानू ने कहा, '2026 एशियाई खेलों से पहले मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी, जहां हम यह भी आकलन करेंगे कि 48 किग्रा वर्ग में बेहतर होने के लिए मुझे क्या करना है।' उन्होंने कहा, 'यह सब हमें विश्व चैंपियनशिप में पता चलेगा लेकिन स्नैच में 90 किग्रा को पार करने की योजना है। यहां तक कि जूनियर भी अब 90 किग्रा को पार कर चुके हैं। हाल ही में चीन के एक जूनियर खिलाड़ी ने यह वजन उठाया।' क्लीन एवं जर्क चानू का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पेरिस ओलंपिक में उन्हें इसमें निराशा हाथ लगी। वह अपने पहले प्रयास में 111 किग्रा और अपने अंतिम प्रयास में 114 किग्रा उठाने में विफल रहीं जिससे वह ओलंपिक में दूसरे पदक से केवल एक किग्रा से चूक गईं।

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पिछले 20 साल में पारी और 236 रन से सबसे बड़ी शिकस्त दी



**बुलावायो :** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गयी थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गयी। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाये जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था। मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में एक विकेट पर 51 रन से की थी और सुबह के सत्र में टीम ने दो विकेट गंवाए, जिसमें अनुभवी सीन विलियम्स भी शामिल थे।

## खेल मंत्री मांडविया ने अस्मिता भारोत्तोलन लीग का उद्घाटन किया

**मोदीनगर :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को भारोत्तोलन के साथ शुरू हुई अस्मिता लीग के 2025 सत्र का उद्घाटन किया। भारोत्त-ोलन वारियर्स अकादमी में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 42 लड़कियां आठ वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। मांडविया ने कहा, 'हमारा मिशन हर स्तर पर अवसर पैदा करना और फिर प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें तैयार करना है। मैं देख रहा हूं कि यहां आए इन बच्चों की आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक है। मुझे यकीन है कि हम एक और मीराबाई चानू ढूंढ़ने में सक्षम होंगे। मीराबाई चानू से बेहतर आदर्श कोई नहीं हो सकता।' चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित करके खेल उपलब्धि हासिल करना)



में 15 खेलों में 852 लीग की योजना बनाई गई है जो लीग और प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के लिंग तटस्थ मिशन का एक हिस्सा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली लीग में 70 हजार से अधिक महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। पिछले सत्र में 27 खेलों में 550 लीग का आयोजन किया गया था जिसमें 53,101 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### खाचानोव को हराकर फ्रिट्ज पहली बार विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**लंदन:** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मंगलवार को विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में कारेन खाचानोव को शिकस्त देकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को मैच के बीच में पैर के दर्द से निपटने के लिए ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से जीत दर्ज की। यूएस ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज के सामने सेमीफाइनल में स्पेन के दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज या ब्रिटेन के गैर-वरीयता प्राप्त कैम नॉरी में से किसी एक की चुनौती होगी।

## वापसी को तैयार बुमराह ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया

**लंदन :** जसप्रीत बुमराह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं क्योंकि भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी करने के बाद बाएं हाथ की स्पिन और थ्रोडाउन के खिलाफ बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया। कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन में यह स्पष्ट कर दिया था कि गेंदबाजी के बोझ के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह फिर से मैदान पर उतरेंगे। तीसरे टेस्ट से पहले टीम के पहले सत्र में बुमराह काफी जोश में नजर आए। उन्होंने लगातार अपने साथी खिलाड़ियों और कई बार भारतीय मीडिया से भी बातचीत की। पूरी संभावना है कि एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को मौका दिया जाएगा। बुमराह ने सत्र में धीरे-धीरे पूरी ताकत से गेंदबाजी की लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने और भी कड़ी मेहनत की और करीब एक घंटे तक



गेंदबाजी की। पिच से बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यह देखना होगा कि भारत एजबेस्टन की तरह दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या नहीं। नितीश रेड्डी चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प थे। गिल, लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। पहले दो टेस्ट मैच खेलने वाले सिराज ने भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक ओवर फेंके हैं।

## दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं



**दुबई :** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



## फास्टैग से टोल संग्रह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,682 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईसीटी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया। एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 100.98 करोड़ थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-





चएआई) ने एक अप्रैल, 2025 से देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

## बैंक, कुछ आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,500 अंक के पार



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के साथ बैंक तथा चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार लगभग पूरे कारोबार के दौरान सीमित दायरे में रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले कुछ शेयरों में लिवाली हुई। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में ठोस प्रगति का इंतजार है। इस बीच, अमेरिका ने जवाबी शुल्क लगाने की समयसीमा बढ़ाकर एक अगस्त कर दी है। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि, टाइटन में छह प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, एक्सिस बैंक, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नुकसान में रहे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब है। ट्रंप ने सोमवार को कहा, 'अब, हमने ब्रिटेन के साथ समझौता कर लिया है, हमने चीन के साथ समझौता कर लिया है... हम भारत के साथ समझौता करने के करीब हैं...।'

# वाहन से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी की पहली जिम्मेदारी: गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना सभी हितधारकों की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने यहां एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के एक कार्यक्रम में कहा कि एथनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देकर और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान से प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि सरकार सड़क बनाने में कचरे का भी इस्तेमाल कर रही है और इस काम में लगभग 80 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया है। गडकरी ने कहा, 'हम अपने राजमार्गों पर बारिश का पानी जमा करने जैसे उपायों को अपनाकर जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।' एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनएचएआई बांस के बागान, घने वृक्षारोपण और हरित गलियारे बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें आगे कहा गया कि एनएचएआई ने 2024-25 के दौरान 60 लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 67 लाख पेड़ लगाए।

## ट्रंप ने बांग्लादेश से आयातित उत्पादों पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश से आयातित उत्पादों पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को 'पत्र' भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। बांग्लादेश, बोस्निया एंड हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। ट्रंप ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को भेजे पत्र में कहा कि एक अगस्त 2025 से 'हम बांग्लादेश से अमेरिका में भेजे जाने वाले सभी बांग्लादेशी उत्पादों पर केवल 35 प्रतिशत का शुल्क लगाएंगे, जो सभी क्षेत्रीय शुल्क से अलग होगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'कृपया समझें कि 35 प्रतिशत शुल्क आपके देश के साथ व्यापार घाटे की असमानता को समाप्त करने के लिए आवश्यक शुल्क से काफी कम है।' ट्रंप ने कहा कि अगर बांग्लादेश अमेरिका के लिए अपने 'बंद' व्यापारिक बाजारों को खोलना चाहता है और अपनी शुल्क व गैर-शुल्क नीतियों एवं व्यापार बाधाओं को खत्म करना चाहता है, तो 'हम शायद इस पत्र में समायोजन पर विचार करेंगे।

### संसदीय समिति ने विमानन मंत्रालय, एयरलाइन अधिकारियों से विमान दुर्घटना, किराये में वृद्धि पर सवाल किए

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति ने नागर विमानन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, एयरलाइन और हवाई अड्डा प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस दौरान कई सांसदों ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में सवाल किए और पूछा कि इसपर रिपोर्ट कब तक तैयार होगी। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि सदस्यों ने अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर के हवाई किराये में अचानक बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई। सूत्रों ने बताया कि अन्य मुद्दों के अलावा कुछ सदस्यों ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से ऑडिट की मांग भी की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

## कर्मचारी भविष्य निधि खाते में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया इस सप्ताह पूरी हो जाएगी: मांडविया

**नयी दिल्ली :** श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंशधारकों के खाते में 8.25 प्रतिशत ब्याज जमा करने की प्रक्रिया इस सप्ताह पूरी कर लेगा। भविष्य निधि पर देय ब्याज दर की केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद हर साल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के खातों में ब्याज राशि को जमा करता है। मांडविया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस वर्ष कुल 33.56 करोड़ सदस्यों वाले 13.88 लाख प्रतिष्ठानों के लिए वार्षिक भविष्य निधि (पीएफ) खातों को अद्यतन किया जाना था। इनमें से आठ जुलाई तक 13.86 लाख प्रतिष्ठानों के 32.39 करोड़ सदस्यों के खातों में ब्याज जमा किया जा चुका है। इसका मतलब है कि करीब 99.9 प्रतिशत प्रतिष्ठानों और



96.51 प्रतिशत सदस्यों के पीएफ खातों को सालाना अद्यतन करने का काम पूरा हो चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईपीएफ खाते में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 22 मई, 2025 को इस दर को मंजूरी दी थी। मांडविया ने कहा कि सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ईपीएफओ ने ब्याज राशि को पीएफ खातों में डालने का काम छह जून, 2025 की रात से शुरू कर दिया था।

### रुपया 21 पैसे की बढ़त के साथ 85.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अपनी प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे बढ़कर 85.73 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली कम रहने और मजबूत घरेलू शेयर बाजार ने रुपये को और मजबूत किया।

## दिल्ली हवाई अड्डा 2024 में दुनिया का नौंवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा रहा: एसीआई



**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डा वर्ष 2024 में 7.7 करोड़ से अधिक यात्रियों को संभालने के साथ दुनिया का नौंवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल' (एसीआई) की दुनिया के 20 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची में अमेरिका का अटलांटा हवाई अड्डा 10,80,67,766 यात्रियों की आव-ाजाही के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद दुबई हवाई अड्डा (9,23,31,506 यात्री) दूसरे स्थान पर और अमेरिका का डलास/फोर्ट वर्थ हवाई अड्डा (8,78,17,864 यात्री) तीसरे स्थान पर हैं। मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक, '2024 में वैश्विक यात्री यातायात 9.4 अरब यात्रियों की आवाजाही के साथ एक नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा 2023 से 8.4 प्रतिशत और महामारी-पूर्व (2019) के स्तर से 2.7 प्रतिशत अधिक है।' सूची में शामिल शीर्ष 20 हवाई अड्डों पर पिछले साल हवाई यात्रा करने वाले कुल 1.54 अरब यात्रियों की आवाजाही रही, जो वैश्विक यातायात का 16 प्रतिशत है। पिछले साल दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 7.78 करोड़ यात्रियों को संभाला, जिससे इसकी रैंकिंग सुधरकर नौवें स्थान पर आ गई, जबकि 2023 में यह 10वें स्थान पर था। यह आंकड़ा विमान में सवार और विमान से उतरने वाले कुल यात्रियों की संख्या पर आधारित है, जबकि ठहराव स्थल के तौर पर ट्रांजिट यात्रियों की गिनती एक बार की गई है। एसीआई ने कहा कि इस सूची में अमेरिका के सर्वाधिक छह हवाई अड्डे शामिल हैं। सूची के शीर्ष 10 हवाई अड्डों में जापान का हानेडा (चौथे), लंदन का हीथ्रो (पांचवें), अमेरिका का डेनवर (छठे), तुर्किये का इस्तांबुल (सातवें), अमेरिका का शिकॉगो (आठवें) और चीन का शंघाई (10वें) भी शामिल है। एसीआई 170 देशों में कुल 2,181 हवाई अड्डों का संचालन करने वाले 830 सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है।

## टाइटन के शेयर में छह प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट, बाजार मूल्यांकन 20,086 करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली :** टाटा समूह की कंपनी टाइटन के शेयर में मंगलवार को छह प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए कारोबारी सूचना से निवेशकों को खुश करने में विफल रही, जिसके चलते यह गिरावट हुई। टाइटन का शेयर बीएसई पर 6.17 प्रतिशत गिरकर 3,440.60 रुपये पर आ गया। दिन के दौरान यह 6.32 प्रतिशत टूटकर 3,435 रुपये पर आ गया था। एनएसई पर शेयर 6.16 प्रतिशत गिरकर 3,440 रुपये पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी की कंपनियों में टाइटन का प्रदर्शन सबसे अधिक कमजोर रहा। इस गिरावट के साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 20,086.15 करोड़ रुपये घटकर 3,05,451.71 करोड़ रुपये पर आ गया। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में टाइटन का उपभोक्ता कारोबार सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ा। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण उपभोक्ता धारणा प्रभावित हुई।

वर्ष 10, पूर्णांक 3291 अंक 101, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in